आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 306 -● जबलपुर ● शनिवार, 10 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### पड़ोसन से अवैध संबंध, बेटे ने देखा तो हाथ काटकर बोरवेल में डाले, शव झाड़ियों में फेंका

**देवास, ईएमएस।** देवास जिले मेंबरोठा थाना क्षेत्र के ग्राम बांगरदा में दो दिन पहले मिले नाबालिग के लहूलुहान शव को लेकर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पिता ने ही 15 साल के पुत्र को मौत के घाट उतारा था। उसका कसूर इतना था कि उसने पिता को आपत्तिजनक अवस्था में पड़ोस में रहने वाली महिला के साथ देख लिया था। इसी को छिपाने के लिए उसने बेटे के पहले तो दोनों हाथ काट डाले फिर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि बरोठा थाना क्षेत्र के ग्राम बांगरदा के मेहरबान सिंह चौहान के खेत में एक बालक का शव मिला था।

### बच्चे को जिंदा गाड़ने की सूचना ने उड़ाई पुलिस की नींद, खुदाई की तो चौंक गए... निकला बकरी का मृत बच्चा

**रतलाम, ईएमएस।** रतलाम शहर में जिंदा बच्चे को जमीन में गाड़ने की सूचना ने पुलिस की नींद उड़ा दी। जानकारी मिलते ही पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा और खुदाई वाले स्थल को देख उसकी फिर से खुदाई शुरू कराई। जब खुदाई पूरी हुई तो अंदर देखते ही उसमें बकरी का मृत बच्चा नज़र आया, जिसे देखने के बाद पुलिस की जान में जान आ गई और राहत की सांस ली। यह मामला शहर के दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र में रेलवे पटरी के पास खुले मैदान का है। दोपहर करीब पौने दो बजे कुछ रेलवे पटरी से लगे ईंट भट्टों के पास मैदान में खेल रहे थे।

# तरनतारन में आतंकी हमला, थाने पर रॉकेट लांचर दागा, हाई अलर्ट





## राजस्थान में बॉर्डर पर पाकिस्तान ने जवानों पर की फायरिंग

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर में पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। शुक्रवार को पाकिस्तानी रेंजर्स ने किसानों और जवानों पर 6-7 राउंड फायरिंग की। बदले में भारतीय जवानों ने 18 राउंड फायरिंग की। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक बीएसएफ ने गोलीबारी की घटना के बाद शनिवार को एक फ्लैग मीटिंग बुलाई है। मीटिंग श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर में होगी। माना जा रहा है कि इसमें पाकिस्तान के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के तरनतारन से आतंकी हमले की सूचना है। यहां बीती रात करीब एक बजे पुलिस थाने पर रॉकेट लांचर से हमला किया गया। सरहाली थाने पर हुए इस हमले किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि स्टेशन को नुकसान पहुंचा है। आधिकारिक जानकारी की प्रतीक्षा है, लेकिन इस हमले के तार पाकिस्तान में बैठे खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठनों से जोड़े जा रहे हैं। अब तक किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अब तक की जानकारी के मुताबिक, रात करीब 1 बजे दागा गया राकेट थाने के लोहे के गेट से टकराया और थाने में बने सांझ केंद्र में गिरा। इससे पुलिस थाने की खिड़कियों के शीशे टूट गए। अज्ञात हमलावरों ने जिस समय इस साजिश को अंजाम दिया, उस दौरान थाना प्रभारी प्रकाश सिंह के अलावा 8 पुलिसकर्मी थाने में मौजूद थे। सूचना मिलने पर कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस आधिकारिक बयान जारी करने से बच रही है। इसके बाद पूरे पंजाब में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पंजाब की भगवंत मान सरकार आने के बाद यह पहला मौका नहीं है जब ऐसी साजिश को अंजाम देने की कोशिश की गई हो। इसी साल अगस्त में पंजाब पुलिस के खुफिया विभाग के मोहाली स्थित मुख्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (RPG) से हमला किया गया था। यह भी आतंकी हमला था। इसके तार कनाडा में बैठे आतंकी लखबीर सिंह लंडा से साथ जुड़े थे। इस हमले की जांच NIA को सौंपी गई है। इसी तरह जुलाई में इसी क्षेत्र में एक आतंकी को 2.5 किलो आरडीएक्स और आइईडी के साथ गिरफ्तार किया गया था। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद इस तरह घटनाएं बढ़ गई हैं।

# 400 फीट गहरे बोरवेल में फंसे बच्चे की मौत





**रेस्क्यू टीम ने 84 घंटे बाद बाहर निकाला शव, 39 फीट की गहराई में फंसा था**

**बैतूल, यशभारत।** बैतूल में बोरवेल में फंसे 6 साल के बच्चे ने तन्मय को आखिर ने ही बचाया जा सका। 84 घंटे बाद रेस्क्यू टीम सुबह 3 बजे बच्चे के करीब पहुंच गई थी। पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थीज। सुबह 5 बजे तक शव को बाहर निकाला जा सका। 7 बजे बैतूल के जिला अस्पताल में शव को लाया गया। 5 डॉक्टरों की टीम ने शव का पीएम किया। पीएम के बाद परिजन शव लेकर गांव रवाना हो गए। एडीएम श्यामेंद जायसवाल ने बताया कि तन्मयको जब निकला गया तो उसका शरीर डीकम्पोजिंग की स्थिति में था। पीएम रिपोर्ट में जो जानकारी मिली है, उसमें चेस्ट कंजेशन (सीने में जकड़न) और पसलियों में चोट सामने आई है। बच्चे के चाचा राजेश साहू ने कहा, अंतिम संस्कार तासी घाट पर करेंगे। यह हमारे लिए बहुत दुख की घड़ी है। हमने तो यह सोच रखा था कि सफल होंगे और हमारा बच्चा हमें वापस मिल जाएगा। बचाव दल ने तो दिन-रात प्रयास किया है, पर कहीं न कहीं लेट हो गए। अगर हमारे पास ऐसा कोई संसाधन होता, जिससे हम बच्चे को उसी दिन निकाल लेते, तो वो बच जाता। टीम वर्क बहुत अच्छा रहा, लेकिन हम लेट हो गए।कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने बताया कि बोर 400 फीट गहरा है। बच्चा करीब 39 फीट की गहराई में फंसा था। रेस्क्यू टीम ने बोर के समानांतर 44 फीट गहरा गड्ढा खोदा। इसके बाद 9 फीट की हॉरिजॉन्टल सुरंग खोदी गई थी।बच्चे के शव को सुबह 7 बजे बैतूल जिला अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया। 5 डॉक्टरों के पैनल ने शव का परीक्षण किया। शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बैतूल में रेस्क्यू स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बोरवेल में गिरे बच्चे के माता-पिता से भी बात की थी।

### रेस्क्यू में NDRF और DSRF के 61 जवान लगे थे

रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रहे होमगार्ड कमांडेंट एसआर आजमी ने बताया कि बोरवेल में तन्मय 39 फीट पर फंसा हुआ था। बच्चे की नॉर्मल हाइट तीन से चार फीट मानकर हमने 44 फीट तक गड्ढा खोदा है। टनल बनाने में **NDRF** और **DSRF** के 61 जवान लगे थे।

### चार गांव के लोग मदद में जुटे थे

घटनास्थल मांडवी गांव के साथ-साथ आसपास के 4 गांव के लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाए। रेस्क्यू में जुटे 200 से अधिक लोगों के लिए निःशुल्क भोजन से लेकर सभी प्रकार की व्यवस्था ग्रामीणों ने की। उनकी एक ही मंशा थी कि तन्मय को हंसता-खेलता देखें।

**तलाक पर केरल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

### ईसाई कपल को डाइवोर्स के लिए सालभर तक अलग रहना जरूरी नहीं

**कोच्चि, ईएमएस।** केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक केस की सुनवाई के दौरान ईसाइयों पर लागू तलाक अधिनियम 1869 के एक नियम को रद्द कर दिया है। तलाक अधिनियम 1869 की धारा 10 के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए आवेदन देने से पहले पति-पत्नी को कम से कम एक साल तक अलग रहना कंपलसरी बताया गया था, जिसे कोर्ट ने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना है। इतना ही नहीं कोर्ट ने ईसाइयों के लिए इस प्रोविजन को रद्द करते हुए कहा कि केंद्र को भारत में सेम मैरिज कोड पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# मप्र की सबसे लंबी सुरंग का उद्घाटन आज



## केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे लोकार्पण, 100 फीट का झंडा भी फहराएंगे

**रीवा, यशभारत।** मध्यप्रदेश की सबसे लंबी सुरंग का उद्घाटन आज दोपहर में किया जाएगा। 1004 करोड़ की लागत से बनी मोहनिया टनल का लोकार्पण केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे। उद्घाटन का मुख्य कार्यक्रम सीधी की छोर पर रखा गया है। यह टनल उत्तरप्रदेश के झांसी को रांची से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-39 पर बनी है। केन्द्रीय परिवहन मंत्री फोरलेन चोरहटा बाइपास से आते हुए मोहनिया टनल पहुंचेंगे। वे शनिवार दोपहर 1.15 बजे सीधी की ओर से लोकार्पण कर रीवा की ओर आएंगे। रीवा की छोर पर बने प्रवेश द्वार पर 100 फीट का राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद बदवार सोलर प्लांट के समीप पर बने मंच में आमसभा कर 2,443 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

**टनल का करेंगे निरीक्षण-** केन्द्रीय मंत्री सुरंग का निरीक्षण कर दोपहर 1.30 बजे मोहनिया टनल स्थल पर लगाए गए 100 फीट के राष्ट्रीय ध्वज को फहराएंगे। फिर रीवा जिले में मोहनिया टनल के समीप आयोजित आमसभा और लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री दोपहर 3.30 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर 3.40 बजे पुनः चोरहटा हवाई पट्टी पहुंचकर विशेष विमान से 3.45 बजे नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ये अतिथि शामिल होंगे

समारोह में केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल बीके सिंह, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, खाद्य मंत्री एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री बिसाहूलाल सिंह, वन मंत्री कुंवर विजय शाह, ग्रामीण विकास एवं पिछड़ावर्ग कल्याण मंत्री रामखेलावन पटेल, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## भिलाई में अधूरे फ्लाइओवर पर दौड़े वाहन, रास्ता खत्म होते ही नीचे गिरे, दो की मौत



**भिलाई, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर में हादसा हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार कुम्हारी चौक पर बन रहे फ्लाईओवर से एक बाइक और कार नीचे गिर गई है। आज शनिवार की भोर में यह हादसा हुआ। वहीं इस हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं उनके साथ बैठी बच्ची के घायल होने की सूचना मिली है। बता दें इस घटना के कुछ देर बाद ही एक कार भी फ्लाइओवर से नीचे गिरी। लेकिन कार के एयर बैग खुलने से कार सवार की जान बच गई। दरअसल, निर्माणाधीन फ्लाईओवर को पूर्ण समझ कर दोनों वाहन चालकों के ब्रिज पर चढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इसमें एक लापरवाही भी सामने आई है कि निर्माणाधीन ब्रिज पर वाहनों के रोकने के लिए कोई बेरियर नहीं लगाया गया था।

**नसबंदी का टारगेट पूरा करने लापरवाही की हदें पार**

## कड़ाके की ठंड में महिलाओं को जमीन पर लिटाया, ना बेड मिला, ना स्ट्रेचर



**श्योपुर, ईएमएस।** एमपी में एक बार फिर हेल्थ सिस्टम की शर्मनाक तस्वीरें सामने आई है। जहां नसबंदी का टारगेट पूरा करने के चक्कर में डॉक्टरों ने लापरवाही की हदें पार कर दी। ऑपरेशन कराने आई महिलाओं को न बेड नसीब हुए, ना स्ट्रेचर की सुविधा मिली। वे कड़ाके की ठंड से रातभर ठिठुरती रही। मामला श्योपुर के विजयपुर का है। जहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को नसबंदी शिविर लगाया गया था। जिसमें 2 डॉक्टरों ने 24 घंटे के अंदर 94 महिलाओं के ऑपरेशन कर दिए। बदइंतजामी ये नजर आई कि मरीजों के लिए बेड का इंतजाम नहीं किया गया। जमीन पर दरी बिछाकर उन्हें लेटाया गया। इतना ही नहीं ऑपरेशन थियेटर से बाहर लाने के लिए भी महिलाओं को स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं कराए गए। महिलाओं के परिजन उन्हें गोद में उठाकर बाहर लाए। इस बदइंतजामी पर कुछ महिलाओं को गुस्सा भड़क उठा। शुक्रवार को महिलाओं ने डॉक्टरों के खिलाफ नारेबाजी की। गुरुवार को श्योपुर के विजयपुर में रात का तापमान 9 डिग्री तक पहुंच गया था। इस ठंड में भी महिलाएं बिना कंबल, रजाई और गद्दे के लेटी रहीं। उनको दरी पर ही सोना पड़ा। गुरुवार रात श्योपुर में पारा गिरकर 9 डिग्री तक जा पहुंचा। इस कड़कड़ाती ठंड में आयोजित शिविर में महिलाओं को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं था। बेड तो दूर की बात है, जमीन पर सुलाने के लिए गद्दे तक की व्यवस्था नहीं थी। सिर्फ दरी बिछाकर खानापूर्ति कर दी गई। साथ ही ओढ़ने के लिए भी रजाई-कंबल कुछ नहीं था। ऐसे में वे रातभर जमीन पर ठिठुरती रहीं।

### 2 डॉक्टरों ने 24 घंटे में 94 ऑपरेशन कर दिए

नसबंदी करवाने आई महिलाओं के परिजनों का आरोप है कि टारगेट को पूरा करने के चक्कर में बदइंतजामी के बीच शिविर आयोजित किया गया। 24 घंटे में 94 महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन हुआ है, जिसे सिर्फ 2 डॉक्टरों ने किया।

## हिमाचल में सीएम पर फैसला कांग्रेस हाईकमान करेगा, आज सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, ईएमएस।** हिमाचल में सीएमकी कुर्सी को लेकर 6 चेहरों पर चर्चा हुई, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह, सुखविंदर सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री, चंद्र कुमार, हर्षवर्धन चौहान और धनीराम शांडिल के नाम शामिल हैं। मगर किसी एक पर सहमति नहीं बन पाई। कांग्रेस के हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला ने बताया कि विधायक दल की बैठक में सबकी सहमति से एक प्रस्ताव पास हुआ। इसमें तय हुआ कि हम कल (शनिवार) को रिपोर्ट सौपेंगे, जिस पर पार्टी हाईकमान फैसला लेगा। इसके बाद ही सीएम की घोषणा कर दी जाएगी। इससे पहले हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार बनाने का दावा पेश करने राजभवन पहुंचे। इस दौरान उनके साथ प्रदेश का एक भी नेता मौजूद नहीं था। सीएम की कुर्सी को लेकर प्रदेश के 6 नेता दावा कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सुक्खू में से किसी एक का सीएम बनना तय माना जा रहा है।




# तमिलनाडु में तबाही, सैकड़ों पेड़ उखड़े, सड़कें बनीं तालाब

## आंध्र पहुंचा साइक्लोन मैंडूस, राज्य के 13 जिलों में रेड अलर्ट जारी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन मैंडूस अब दक्षिण आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार देर रात साइक्लोन मामल्लपुरम तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया। शनिवार सुबह हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है। अभी भी राज्य के कुछ हिस्सों में शुक्रवार शाम से ही जमकर बारिश हो रही है। तेज हवाएं और आंधी की वजह से सैकड़ों पेड़ उखड़ गए। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। वहीं, चेन्नई में तेज बारिश और हवाओं की वजह से 13 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। मौसम विभाग के मुताबिक, साइक्लोन के असर से 48 से 56 घंटे तक बारिश होने की संभावना है। रविवार तक राज्य के 13 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन (GCC) ने साइक्लोन मैंडूस के कमजोर पड़ने तक लोगों को बाहर जाने से बचने का अनुरोध किया है। चेन्नई और पुडुचेरी के बीच 1891 से 2021 तक यानी 130 सालों में 12 चक्रवात आ चुके हैं। यह 13 वां चक्रवात है।



### पुडुचेरी- कराईकल में स्कूल-कॉलेज बंद

ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन कमिश्नर ने मैंडूस साइक्लोन के खतरे को देखते हुए लोगों से पेड़ों के आसपास अपनी गाड़ियां पार्क न करने को कहा है। सभी पार्क और प्ले ग्राउंड बंद करने के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही लोगों को शुक्रवार और शनिवार समुद्र के किनारे न जाने को कहा गया है। शिक्षा मंत्री ए नमस्सिवम ने कहा कि पुडुचेरी और कराईकल में सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। तमिलनाडु के साथ मैंड्रोस के असर से आंध्र प्रदेश में भी तेज बारिश जारी है। शुक्रवार को प्रसिद्ध तीर्थ स्थान तिरुमाला तिरुपति में बारिश की वजह से अफरातफरी मच गई। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान बालाजी के दर्शन करने पहुंचते हैं। वे सभी बारिश से बचने के जतन करते नजर आए।

### चार दिन तक अलर्ट घोषित किया गया

तूफान के असर से 48 से 56 घंटे तक बारिश जारी रह सकती है। इस दौरान तेज हवाओं से पेड़ों और मकानों को नुकसान भी पहुंच सकता है। लिहाजा प्रशासन ने गुरुवार से लेकर रविवार तक के लिए अलर्ट जारी किया है। इस दौरान लोगों को समुद्र तट से दूर रहने और प्रशासन की सलाह पर अमल करने को कहा गया है।

# शहर में सर्द हवाओं से ठंडक घोली, कंपकंपी छूट रही



**जबलपुर, यशभारत।** हिमालय की ओर से आ रही सर्द हवाओं से मौसम में ठंडक घुल रही है। लोगों को कंपकंपी छूट रही है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के कारण हवाओं की दिशा बदलेगी और नमी आएगी, जिससे 12 दिसंबर को हल्के बादल छा सकते हैं। इसी के साथ तापमान में भी आंशिक रूप से बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। दूसरी तरफ एक दिन पहले शुक्रवार को सर्द सीजन में दिसंबर माह का सबसे ठंडा दिन रहा। उत्तरी बर्फीली हवाएं लोगों को सुबह से सिहराती रहीं। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों के अलावा आग का सहारा लेते दिखे। मौसम विभाग का कहना है कि ये ठंडक दो दिन बाद कम हो जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो अभी हिमालय की ओर से दो से तीन किमी प्रतिघंटे की गति से आ रही उत्तरी हवाओं के कारण ठंड का अहसास बढ़ गया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान मामूली रूप से बढ़कर 25.8 डिग्री दर्ज किया गया वहीं उत्तरी ठंडी हवाओं से रात का न्यूनतम तापमान कुछ कम होकर 7.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन भर वातावरण में ठंडक का अहसास होता रहा वहीं रात में सर्द हवाएं लोगों को ठिठुराती रहीं। बर्फीली हवाओं से लोग एक बार फिर ठिठुरने लगे हैं। गुरुवार को वातावरण में दिन भर ठंडक घुली रही। उत्तरी हवाओं की गति भी तीन से चार किमी प्रतिघंटा रही। दिन में जहां लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे वहीं रात में ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर, लद्दाख आदि हिमालयीन क्षेत्रों में बर्फबारी होने से जबलपुर सहित मध्यप्रदेश में ठंड का असर बढ़ गया है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण अधिकतर जिलों में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि ये ठंडक ज्यादा समय तक नहीं रहने वाली।

## जनेकृविवि में सड़क हादसे रोकने व सुरक्षा उपाय बरतने को लेकर कुलपति ने दिलाई शपथ

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सप्रेरणा एवं मार्गदर्शन में हादसे रोकने व सुरक्षा बरतने को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से भाग लिया। इस दौरान सुबह 11 बजे कृषि महाविद्यालय स्थित उद्यान में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर आपने कहा कि देश भर में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से देशव्यापी सडक सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में हम सभी की महती जिम्मेदारी बनती है कि, सभी सड़क के हादसों से बचने हेतु सुरक्षा के सभी नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। इस दौरान अटारी सेंटर जबलपुर के डॉ एस आर के सिंह एवं विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान डॉ. जी. के. कौतू संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. पी.बी. शर्मा. अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ अमित शर्मा, एनसीसी अधिकारी डॉ. राहुल डोंगरे, डॉ. रजनी शर्मा, एनएसएस अधिकारी डॉ. डी. के. सिंह, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, सुरक्षा अधिकारी डॉ. बाय एम शर्मा एवं समस्त वैज्ञानिक, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# 60 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल पर भेजे जा रहे बिजली बिल



**जबलपुर, यशभारत।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 60 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल पर बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं। पर्यावरण के अनुकूल एवं त्वरित बिल प्रदान करने के उद्देश्य से पेपरलेस बिजली बिल उपभोक्ताओं के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से दिए जा रहे हैं। जबलपुर शहर के तीन लाख 68 हजार 858 उपभोक्ताओं में से 3लाख 62 हजार 740 उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर बिजली बिल भेजे जा रहे हैं, मात्र छह हजार 118 उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड नहीं होने के कारण उनके मोबाइल पर बिल भेजने में कठिनाई हो रही है। जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र के 2 लाख 90 हजार 89 उपभोक्ताओं में से दो लाख 77 हजार 389 उपभोक्ता अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करवा चुके हैं तथा मात्र 12 हजार 700 उपभोक्ता शेष हैं।कंपनी क्षेत्र के 20 जिलों के लगभग 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से लगभग 60 लाख 45 हजार उपभोक्ताओं को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज के साथ लिंक भेजी जा रही है। मैसेज में बिजली बिल की राशि तथा अंतिम तिथि का उल्लेख किया जाता है। मैसेज के साथ ही बिजली बिल की लिंक भी रहती है, जिसे उपभोक्ता डाउनलोड कर अपने बिल का विवरण देख सकते हैं। छिंदवाड़ा जिले में 5 लाख 67 हजार 061, सागर जिले में 5 लाख 11 हजार 915, सतना में 4 लाख 76 हजार 506, बालाघाट जिले में तीन लाख 94 हजार 689 तथा रीवा जिले में 3 लाख 92 हजार 278 बिजली उपभोक्ता अपना मोबाइल नंबर बिजली बिल में दर्ज करवाकर बिल प्राप्त कर रहे हैं। पेपरलेस बिजली बिल योजना की सुविधा प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को मोबाइल नंबर दर्ज करवाना अथवा परिवर्तित मोबाइल नंबर को अपडेट करवाना आवश्यक है।

### ऐसे दर्ज कराएं मोबाइल नंबर

ऐसे उपभोक्ता जिनके मोबाइल नंबर बिजली बिल में दर्ज नहीं हैं अथवा परिवर्तित हो गए हैं, वे अपना मोबाइल नंबर काल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर आसानी से दर्ज करवा सकते हैं। स्मार्ट बिजली एप एवं बिजली कार्यालय के माध्यम से भी मोबाइल नंबर दर्ज करवाया जा सकता है। मोबाइल नंबर दर्ज हो जाने पर उपभोक्ता बिजली बिल की राशि तथा बिल भुगतान की अंतिम तिथि की जानकारी तत्काल अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं।



# राज्य मंत्री, म.प्र. शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग को ज्ञापन सौंपा

## रानी अवंती बाई परियोजना की मनगवां संथा की समस्यों का निराकरण किया जाए

**जबलपुर, यशभारत।** भारत सिंह कुशवाह राज्य मंत्री, म.प्र. शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की मनगवां संथा से संबंधित समस्यों का निराकरण किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि आपके अधीन नर्मदा घाटी विकास विभाग की रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना में बांयी तट नहर संभाग क्र. 2 बरगी हिल्स, जबलपुर के अन्तर्गत मनगवां जल उपभोक्ता संथा के कमाण्ड क्षेत्र की माइनर एवं सब माइनरों का अभी भी पक्कीकरण नहीं किया गया है जिस वजह से संथा क्षेत्र में कृषकों को सिंचाई हेतु नहर का पानी सुविधाजनक तरीके से नहीं मिल पाता, यहां तक की कई माइनर, सब माइनरें ऐसी है कि जिनमें आज तक पानी नहीं चल पाया है। महोदय मेरे संथा क्षेत्र की नहरें पिपरिया उपवितरण से निकलती है, पिपरिया उपवितरण नहर में भी नहर तटों में पर्याप्त ऊंचाई की मिट्टी न होने की वजह से पूर्ण क्षमता के साथ पानी नहीं चलाया जाता है, पिपरिया उपवितरण नहर का भी जीर्णोद्धार अतिआवश्यक है । महोदय नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारियों को इस बावत् निर्देशित करने का कष्ट करें। ज्ञापन देने वालों में जल उपभोक्ता संथा के अध्यक्ष संदीप शुक्ल (मनगवां) मनोज पटेल (गढर पिपरिया)रामनारायण पटेल (बढियाखेड़ा) अनुरुध्द पटेल (गुबरा कला) महेंद्र सिंह (पिपरिया कला) सत्यपाल पटेल।

## भविष्य निधि कार्यालय में निधि आपके निकट शिविर का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत व्याप्त निजी संस्थानों के नियोक्ताओ, भविष्य निधि सदस्यों तथा पेंशनरों की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण किये जाने के लिये राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त- I की अध्यक्षता में सोमवार को प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में ''निधि आपके निकट'' (प्रात: 11 बजे से अपराह्न 12 बजे तक) एवं ''पेंशन अदालत'' (अपराह्न 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक) का आयोजन किया जा रहा है। श्री सहरावत ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि के सदस्य, पेंशनर एवं नियोक्ता अपनी शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या डाक द्वारा या ई-मेल पर दे सकते हैं। भविष्य निधि सदस्यों से अनुरोध है कि वे डाक अथवा ई-मेल के माध्यम से अपनी षिकायत भेजते समय लिफाफे के ऊपर तथा ई-मेल के विषय में ''निधि आपके निकट'' अथवा ''पेंशन अदालत'' जरूर लिखें ताकि उनके प्रकरणों को तदानुसार ''निधि आपके निकट'' अथवा ''पशन अदालत'' में शामिल किया जा सके एवं उनका निपटान किया जा सके।

# प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को होंगे

**जबलपुर, यशभारत।** राज्य शासन द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस को प्रति वर्ष युवा दिवस के रूप में मनाये जाने के अनुक्रम में 12 जनवरी 2023 को प्रदेश के सभी विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षा संस्था, पंचायत और आश्रम-शालाओं आदि में प्रात: 9 बजे से 10.30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में राष्ट्र-गीत तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसके बाद सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम होगा।



कार्यक्रम में पूर्व की भांति रेडियो से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के रिकार्डेड संदेश का प्रसारण किया जायेगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम पूरे प्रदेश में एक साथ, एक समय और एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम में किसी भी संस्था, छात्र एवं छात्रा का भाग लेना पूर्णत: स्वैच्छिक होगा। सूर्य नमस्कार में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। प्राथमिक शाला में कक्षा एक से पाँच तक के बच्चे सूर्य नमस्कार में दर्शक के रूप में उपस्थित हो सकेंगे। सूर्य नमस्कार में स्वयंसेवी संगठनों तथा आम नागरिकों की सहभागिता के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे। जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी है, जो जिला स्तर पर कार्य-योजना तैयार करेगी। अशासकीय शिक्षण संस्थाओं, पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाओं, स्थानीय खेल क्लब, सेवानिवृत्त सैनिक, मॉर्निंग क्लब, व्यायाम शाला, हेल्थ क्लब, पंचायत, सहकारी संस्थाओं, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कृत प्रतिभाओं, भोज विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा केंद्र, नगर एवं ग्राम सुरक्षा समितियों की सहभागिता को सुनिश्चित किया जायेगा। कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, महापौर, अध्यक्ष एवं सदस्य जिला एवं जनपद पंचायत, अध्यक्ष एवं सदस्य नगर पालिका एवं नगर पंचायत और अन्य जन-प्रतिनिधियों से शामिल होने के लिए अनुरोध किये जाने का निर्देश कलेक्टर्स को दिया गया है।

# दुधारू पशुओं के प्रमुख रोग एवं उनके उपचार विषय पर दिया प्रशिक्षण

**जबलपुर, यशभारत।** भा.कृ.अनु.प खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर में चल रही फार्मर फर्स्ट परियोजनांतर्गत चयनित ग्राम उमरिया चौबे एवं बरौदा में 7से 9दिसंबर तक दुधारू पशुओं के प्रमुख रोग एवं उनके उपचार विषय पर फार्मर फर्स्ट प्रोग्राम के कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। निदेशक डॉ पीके सिंह ने फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत चलाये जा रहे विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फार्मर फर्स्ट परियोजना भारत सरकार की एक अनूठी पहल है। निदेशालय में चल रही फार्मर फर्स्ट परियोजना से आस-पास के गांवों के किसान लाभान्वित हो रहे है। परियोजना से संबंधित टीम द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में डॉ पीके मुखर्जी द्वारा पशुओं के लिए हरे चारे का महत्वलगाने की विधि एवं खेतों की मेंड़ों एवं खाली पड़ी हुई भूमि पर हाथी घासबरसीमजईचारे वाला मक्का आदि उगाने की सलाह दी गई। डॉ शुंभांगी शर्मा(नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय) ने पशुओं में होने वाले विभिन्न रोग एवं विभिन्न प्रकार की बीमारी जैसे थैनेलाखुरपका-मुंहपकागलघोटूलम्फी वायरसअफरा एवं बकरी प्लेग जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव एवं उनके उपचार विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इंजी चेतन सीआर ने पशुपोषक आहार के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उक्त बैठक में परियोजना के प्रधान अन्वेशक डॉ पीके मुखर्जीसह अन्वेषक इंजी चेतन सीआरडॉ शुभांगी शर्मा एवं परियोजना से जुड़े एसआरएफ जितेंद्र कुमार दुबे परियोजना सहायक संदीप पटैल एवं अंजनीकांत चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# वृद्ध आश्रम में केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन मिष्ठान एवं भोजन वितरण किया

**जबलपुर , यशभारत।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में अखिल भरतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी का जन्मदिन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन करा उनकी उपस्थिति में गीत-संगीत हर्षोल्लास के साथ आश्रम की बुजुर्ग महिलाओं के द्वारा केक काटकर व मिष्ठान वितरण कर मनाया गया। इस अवसर पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की बहू व पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की पत्नी व कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी की माँ श्रीमती सोनिया गांधी जी का संपूर्ण जीवन समर्पण साहस और त्याग से परिपूर्ण है, उन्होंने सबसे अधिक समय तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाला। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में देशहित को सबसे अधिक महत्व दिया। इस कार्यक्रम में जगत बहादुर सिंह अन्न , पार्षद अनुपम जैन, गुड्डू नबी, कमलेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, रेखा जैन, अनुभव शर्मा, बलविंदर मान, सुमित्रा गोटिया, मनीषा अवस्थी, सुशीला कनौजिया, देवकी पटेल, कमला चौहान, रिजवान अली कोटी, आरिफ बेग, मनोज सेठ, प्रिंस सलूजा, मनोज नामदेव, मदन लारिया, आशुतोष ठाकुर, संजय श्रीवास्तव, विष्णु विनोदिया, अंश गुजराल, शिशांत सिंह, लक्की ठाकुर, अंकित रैकवार, राजेश पटेल, मुकेश सोनी, मनीषा ठाकुर, पार्वती मरकाम, अनीता गोटिया, रश्मि ठाकुर, प्रीति ठाकुर, मीना सैनी, साकिर कुरेशी, रमेश बैन, पूनमचंद सोनकर, श्याम सोलंकी, आयाज अंसारी, हरिशंकर विश्वकर्मा, प्रदीप पटेल, रुपेश यादव, रमेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



# सड़क में रखेंगे सुरक्षा का ध्यान अधिकारियों कर्मचारियों ने ली शपथ

**जबलपुर, यशभारत।** अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर जबलपुर के निर्देशानुसार कार्यालय प्रांगण में शपथ ली की वह सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखेंगे, यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन करवाएंगे , दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट पहनूंगा / पहनूंगी, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाऊंगा / लगाऊंगी, कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा /चलाऊंगी, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करूंगा/करूंगी, मैं हमेशा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता दूंगा/दूंगी, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा/रहूंगी । लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग क्रमांक 1 कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ने कार्यालय प्रांगण में समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सपथ दिलवाई कार्यालय में एस डी ओ, सी पी सिंह, अटल उपाध्याय, अखिलेश वर्मा, के के चढार, वी के तिवारी, राजेंद्र त्रिपाठी, भारती गुप्ता मनोज शर्मा ,राजेश पटेल ,हरी शंकरशंकर दुबे, आर पी गुप्ता, श्रीमती मुक्ता ठोसर, सुरेंद्र पाठक, संतोष दुबे, नितिन सेलेट, राजेश पटेल ,यशवंत कुलकर्णी, अतुल खरे, ए,के कुशवाहा ,आर के सोनी, यू एस ,शिंह, नवीन पचौरी, गुलाब कोस्टा, असीस नामदेव, अर्जुन सोमवंशी, शिया झारिया, कमल सैयाम, जे डी वाल्दे सपथ के समय उपस्थित थे।

# सूर्य जगत के पालन कर्ता: ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी



**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में पौष मास कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के पावन दिवस पर आज से प्रारंभ हुआ एक माह तक सूर्य अर्चन सर्वप्रथम भगवान शिव का अभिषेक किया गया तत्पश्चात भगवान सूर्य का विधि विधान से पूजा कर सहस्त्र गुलाबों द्वारा अर्चन किया गया इस शुभ अवसर पर परम पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने सूर्य अर्चन में समस्त उपस्थित भक्तों को बताया कि सूर्य जगत के पालन करता है अर्थात प्रकृति पर प्रत्यक्ष देवता सूर्य और चंद्रमा ही है भगवान सूर्य के तेज से संपूर्ण पृथ्वी तेजोमय है इसी से समस्त प्राणियों को भोजन हेतु अन्न प्राप्ति होती है जगत में निवास करने वाला प्राणी भगवान सूर्य की उपासना से सभी रोग दुख दरिद्रता से निवृत्ति पा सकता है यहां तक कि जब भगवान श्री राम युद्ध पर जा रहे थे तब महर्षि अगस्त्य ने उन्हें आदित्य हृदय स्तोत्र का ज्ञान दिया था जिससे वह युद्ध विजयी भी हुए अर्थात भगवान सूर्य हर प्रकार से मानव जीवन के पालन कर्ता है वैज्ञानिक दृष्टि से भी सूर्य अन्न जल दाता में सहायक है अतः हम यह कह सकते हैं कि भगवान सूर्य जगत के पालन करता है आज के सूर्य महापूजा एवं सूर्य अर्चन में भरत सिंह यादव, मधु यादव, बी.के. पटेल,मनोज सेन, प्रकाश द्विवेदी, दुर्गा सिंह पटेल, वीरेन्द्र सोनकर, रिचा मिश्रा, प्रीति अग्रवाल, आराध्या चौकसे, समर्थ मिश्रा आदि ने सूर्य अर्चन में उपस्थिति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कर्मचारी जगत...

# अन्य केडर की भाँति स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों को भी दिया जाए अर्जित अवकाश

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन नें बताया गया कि म प्र के समस्त विभागों मे अधिकारी/ कर्मचारियों को को 30 दिवस अर्जित अवकाश की पात्रता है परंतु शिक्षक संवर्ग को इससे वंचित रखा गया है. पूर्व मे शिक्षको को ग्रीष्मकालीन अवकाश की सुविधा थी परंतु वर्तमान मे पूरे वर्ष शिक्षको को स्कूल जाना होता है. राज्य शासन अंतर्गत सभी अधिकारी कर्मचारी को 30 दिवस का अर्जित अवकाश दिया जाता परंतु शिक्षको को नही दिया जा रहा सिर्फ राज्य शासन द्वारा घोषित अवकाश के दिनों मे ट्रेनिंग या फिर कोई शासकीय कार्य करने पर उच्च अधिकारियों की अनुकंपा पर अर्जित अवकाश खाते मे जोड़े जाते हैं, जो कि पूर्णतया अनुचित है. अन्य संवर्ग की भाँति पूरे वर्ष मे शिक्षको को भी 30 दिवस की अर्जित अवकाश की पात्रता होनी चाहिए. समस्त शिक्षक संवर्ग को भी अन्य केडर की भाँति 30 दिवस की अर्जित अवकाश दिये जाने हेतु आदेश जारी किये जाए । राजकुमार यादव, रॉबर्ट फ्रांसिस, हेमंत ठाकरे, शरीफ अंसारी एनोस विक्टर विनोद सिंह सुधीर पावेल, सुनील स्टीफन, रऊफ खान, सुनील झारिया, उमेश सिंह ठाकुर, आदि ने मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन जबलपुर में

**जबलपुर यशभारत।** सोशल साइंस एण्ड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन, महाकौशल विश्वविद्यालय, जबलपुर, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर, युवा आर्थिक परिषद, मध्यप्रदेश मैनेजमेंट एसोसिएशन और रेडियंट कॉलेज, जबलपुर के द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर 2022, रविवार को कॉन्फ्रेंस हॉल जे.डी.एस.एस.एस, स्नेह सदन साउथ सिविल लाईन, जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय शिक्षा, उद्यमिता, रोजगार और आर्थिक विकास पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में केन्ट विधायक श्री अशोक रोहाणी, प्रो. आर.सी मिश्रा-कुलपति महाकौशल विश्वविद्यालय, प्रो. एन.जी. पेंडसे, डॉ. ब्लैस मारिकर-फिलिपपिंस, डॉ. मूथमेन्ना-इंडोनेशिया, प्रो. नादा रोटकोविक-क्रोटिया, नितिन बसेडिया, डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. प्रवीण झा, डॉ. सुनील देशपांडे आदि होंगे। साथ ही अन्य देशों से भी प्रतिभागी द्वारा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन शोध पत्रों का वाचन करेंगे। शोध पत्रों का प्रकाशन अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में किया गया है एवं जर्नल का विमोचन आतिथियों द्वारा संगोष्ठी में किया जायेगा।

# हनुमाताल की दुकान में भीषण आग

# दुकान में पाए गए 35 खाली गैस सिलेंडर, संचालक को नोटिस जारी


**जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल थाना अंतर्गत रजा चौक मक्का नगर में स्थित प्लाइवुड दुकान में बीती रात अचानक ही भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकानों में रखा लाखों रुपए का समान जलकर राख हो गया। आग शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल वाहन और पुलिस मौके पर पहुंची जहां कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कार्रवाई की तो पता चला कि दुकान में भारी मात्रा में खाली गैस सिलेंडर रखे हुए है। अब पुलिस दुकान संचालक को नोटिस जारी करेगी। क्योंकि पोस इलाके में इस प्रकार का भंडारण अनैतिक है।**

जानकारी अनुसार मक्का नगर स्थित मार्केट में मोहम्मद शमशाद की हार्डवेयर, प्लाईवुड और फर्नीचर की दुकान है। इसके अलावा मार्केट में एक गैस एजेंसी भी संचालित हो रही थी । आग लगते ही सबसे पहले एजेंसी का ताला खुलवाकर गैस सिलेंडरों को बाहर निकाला गया। मार्केट में आग लगने से दुकानों में रखा लाखों रुपए का समान जलकर खाक हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। घनी बस्ती होने के कारण भीड़ अधिक हो गई थी। करीब तीन से चार दमकल वाहनों ने मार्केट में लगी आग पर काबू पाया।

## होगी सख्त कार्रवाई

हनुमानताल थाना प्रभारी उमेश गुलानी ने बताया कि आग लगते ही थाने का स्टाफ और दमकल वाहन मौके पर पहुंच गया था। करीब 2 से 3 घंटे की मशक्कत के बाद मार्केट की तीन दुकानों में लगी आग पर काबू पाया गया है। आग लगने से लाखों रुपए के नुकसान की आशंका है। मक्का नगर स्थित मार्केट में फर्नीचर, प्लाईवुड और गैस एजेंसी में आग लगी थी। आग पर काबू पा लिया गया है साथ ही इस पूरे घटनाक्रम की जांच भी की जा रही है। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि उक्त दुकान में करीब 35 खाली गैस सिलेंडर रखे थे। पास में ही गैस एजेंसी है। लेकिन सिलेंडर इस दुकान में क्यों रखे थे। जिसकी जांच की जा रही है। दुकान संचालक को नोटिस जारी कर जबाव मांगा जा रहा है। जिसके बाद जो भी आरोपी होगा, विधि अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।



## बमों का लाट फेल

# रक्षा उत्पादन सचिव तक सबकी बराबर जिम्मेदारी तय हो

**पूर्व वरि.जीएम ने यशभारत खबर के साथ पी एम ,आर एम को किया ट्वीट**

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया में बमों के लाट फेल होने के मामले में विरोध की आंच लगातार बढ़ रही है और इस मामले में महाप्रबंधक और सीएमडी के साथ सुरक्षा उत्पादन सचिव को भी जिम्मेदार ठहराने की मांग की जा रही है।इसको लेकर कर्मचारियों और अधिकारियों के संगठनों के स्वर भी मुखर हो रहे हैं। इस मामले को लेकर इटारसी आयुध निर्माणी में रहे एक भूतपूर्व वरिष्ठ महाप्रबंधक डा.ओ पी यादव ने यशभारत में प्रकाशित खबर के साथ प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री को ट्वीट किया है।ट्वीट में पूर्व सीनियर जी एम ने सीधे तौर पर महाप्रबंधक और सीएमडी का नाम उल्लेख करते हुए कहा कि इन्होंने डींग मारते हुए प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री आंकड़ों में फेरबदल कर सत्र2021-22की जानकारी दी है।इसके साथ ही उन्होंने 2 जेडब्लूएम पर हुई कार्यवाही को अनुचित और गैर न्यायिक बताया है।कहा गया कि उन पर जबरन बैकलॉग कोटे को पूरा करने का दबाव बनाया था।पूर्व वरिष्ठ महाप्रबंधक ने कहा कि सुरक्षा उत्पादन प्रक्रिया अत्यंत जटिल है।इसमें रक्षा उत्पादन सचिव तक की बराबर की जिम्मेदारी है।इसलिए एक स्वतंत्र जांच की निहायत आवश्यकता है।




# पिता ने डांटा तो मुंबई से भागकर जा रहा था बनारस



**जबलपुर यश भारत। घर में पिता ने किसी बात को लेकर अपने 11 वर्षीय बालक को डांट दिया जिससे वह नाराज होकर मुंबई की ठाडे रेलवे स्टेशन पहुंचा जहां से वह बनारस जाने वाली गाड़ी कामायनी एक्सप्रेस में सवार हो गया, इधर जब नाबालिग काफी समय तक अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को इस बात की चिंता हुई और उन्होंने नाबालिक की तलाश शुरू की तलाश के बाद भी जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो उनके द्वारा संबंधित पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई/**

**कामायनी एक्सप्रेस में जीआरपी को मिला नाबालिक, किया परिजनों के सुपुर्द**

मैहर जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई के पाटली पारा थाना ठाडे निवासी 11 वर्षीय आर्यन पिता संतोष ठाकुर विगत दिवस अपने घर में बिना किसी को बताए भागकर कामायनी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर बनारस जा रहा था उक्त ट्रेन मैहर स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी द्वारा जब चेक किया जा रहा था तो उक्त नाबालिक जनरल कोच में संदिग्ध हालत में पाया गया जिससे पूछताछ करने पर उसने पूरे मामले की जानकारी जीआरपी को दी जीआरपी ने मुंबई में उनके परिजनों को इसकी सूचना दी गई बाद में बनारस के रहने वाले नाबालिक के फूफा के सुपुर्द कर दिया गया उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीएसपी रविंद्र कुमार गौतम थाना प्रभारी सुनील नेमा के मार्गदर्शन में मैहर जीआरपी के एएसआई एसपी गौतम प्रधान आरक्षक जय राम त्रिपाठी राजेंद्र शुक्ला एवं पपनेश कुमार द्वारा की गई।

# दो पक्षों में विवाद : घर में घुसकर की जमकर मारपीट, तोड़फोड़

## काउंटर मामला दर्ज, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना क्षेत्र अंतर्गत ऋषि नगर में दो पक्षों के बीच घर के पास पेशाब करने को लेकर जमकर विवाद हो गया और नौबत यहां तक पहुंच गई कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ कर दी । पुलिस ने दोनों ही पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार 48 वर्षीय मंजू जाट द्वारा अधारताल थाने में दर्ज कराई गई है वहीं दूसरे पक्ष ने भी थाने पहुंचकर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है पुलिस द्वारा पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने की बात कही जा रही है

# चाकूबाज शोहदे को पुलिस ने दबोचा : किशोरी की गर्दन में किए थे वार, न्यायालय में किया जा रहा पेश



जबलपुर, यशभारत। **थाना घमापुर के द्वारका नगर में शोहदे ने 10 वीं कक्षा की** छात्रा के साथ की चाकूबाजी कर मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 16 वर्षिय किशोरी ने बताया कि वह कक्षा 10 वीं मे पढती है। सुबह 8 बजे कोचिंग से वापस घर आ रही थी जैसे ही एक दुकान के पास पहुंची तभी उसका पीछा करते हुये विक्रम केवट अपने एक साथी के साथ आया , दोनों बात करने के लिये कहने लगे, उसने बात करने से मना किया तो विक्रम गालीगलौज कर कहने लगा आज तुझे जान से ही खत्म कर देता हूं। किशोरी की हत्या करने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर गर्दन व सीने में वार कर दिए। गठित टीम के द्वारा आरोपी के साथी 13 वर्षिय नाबालिग को पहले ही अभिरक्षा में लिया जा चुका था। लेकिन आरोपी फरार था। जिसके बाद पुलिस को सूचना मिली कि विक्रम केवट कहीं बाहर भागने की फिराक में मदनमहल रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म में ट्रेन के इंतजार में खड़ा है, सूचना पर मदनमहल पुलिस एवं थाना घमापुर पुलिस द्वारा मदनमहल स्टेशन में दबिश देते हुये विक्रम केवट उम्र 20 वर्ष निवासी बरउ मोहल्ला घमापुर को दबोच लिया गया। प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर विक्रम केवट को मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# बेलबाग में बेटे ने भरी ठंड में मां को घर से बाहर निकाला

**मां ने कहा रुपये नहीं देने पर करता है मारपीट, मैं कर लूंगी आत्महत्या**



**जबलपुर, यशभारत।** बेलबाग के खलासी लाइन में कलियुगी बेटे की प्रताड़ना से तंग आकर वृद्ध मां रोते हुए थाने पहुंचे। मां का आरोपी था कि बेटा ने भरी ठंड में उसे घर से बाहर निकला दिया। ऐसे में अब उसके पास आत्महत्या करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला कायम कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 65 वर्षीय वृद्धा ने बताया कि उसका बेटा शुनील कुमार बेरोजगार है और शराब पीने का आदी है। जो रोज की तरह ही देर रात घर आया और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। उसने कहा कि रुपये नहीं है। इतनी महंगाई में घर का खर्चा निकालना दूभर है। ऐसे में वह रुपये कब कहां से लाए। जिसके बाद वह मारपीट करने लगा और उसे घर से बाहर निकाल दिया। अब वह आत्महत्या कर लेगी। जिसके बाद पुलिस ने ढांढस बंधाते हुए फरार बेटे की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

# नशा तस्कर गैंग के सरगना को पुलिस ने दबोचा : 17 नशीले इजेक्शन, बिक्री के 200 रुपये जब्त, गुर्गे फरार

**जबलपुर, यशभारत।** नशे का कारोबार संस्कारधानी में लगातार फल फूल रहा है। जिसकी बानगी उस वक्त देखने मिली जब रांझी पुलिस और क्राइम ब्रांच ने नशे के इंजेक शनों को खुलेआम बेंच रहे एक आरोपी को दबोच लिया। जो दो-दो सौ रुपये में इंजेक शन बेंच रहा था। आरोपी इस गोरखधंधे में पुरानी खिलाड़ी है। जिसके पास से बिक्री के 200 रुपये सहित 17 नशीले इंजेक शन जब्त कर, पकड़े गए आरोपी से गैंग के अन्य गुर्गों के संबंध में पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी रांझी श्री सहदेव राम साहू ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि आमानाला के पास एक संदिग्श अधेड़ अपने पास एक थैले में नशे के इंजेक्शन रखकर 200-200 रूपये में बेच रहा है। सूचना पर तत्काल क्राईम ब्रांच एवं थाना रांझी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आमानाला में दबिश दी गई। जहां जगन्नाथ केवट 50 वर्ष आमानाला बड़ा पत्थर रांझी को दबोचा गया। जिसकी तलाशी लेने पर 17 नग नशीले इंजेक्शन एवं इंजैक्शन बिक्री के नगद 200 रूपये जब्त करते हुये कार्रवाई की गई।

# जबलपुर में ठंड से 6वीं मौत!

## मंदिर के पीछे खेत में मिला अकड़ा हुआ शव, पुलिस जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** ठंड अपने पूरे शबाव पर है। जिसके चलते सर्द हवाएं अब कहर ढाने आमादा है। जिसका एक सनसनीखेज मामला कुंडम में सामने आया, जहां ठंड से एक वृद्ध की खेत में मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, शव को पीएम के लिए भेजा है। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। गौरतलब है कि उसके पहले भी शहर में ठंड से करीब पांच मौते हो चुकी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कुण्डेश्वर मंदिर के पास श्याम यादव के खेत में शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को श्याम कुमार यादव 41 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया थाना खमरिया ने बताया कि उसने सरसवां रोड कुण्डलेश्वर मंदिर के पास काके सरदार की जमीन खरीदी है जिसमें काके सरदार का हल्दी का पौधा लगा हुआ है जिसे खुदवाने के लिये अपने खेत गया था । खेत में देखा एक अज्ञात उम्र लगभग 70 वर्ष वृद्ध का शव पड़ा था । शव एक दो दिन पुराना लग रहा है पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

## गोसलपुर में ट्रैक्टर पलटने से वृद्ध की मौत

जबलपुर यशभारत। बीती रात गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत घुटना तिराहा में एक ट्रैक्टर पलट जाने के कारण 55 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई उक्त दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए पड़ताल शुरू कर दी है। देर रात हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में गोसलपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि घुटना निवासी 55 वर्षीय शिव प्रसाद झारिया रात को ट्रैक्टर मैं सवार होकर सिहोरा मार्ग से जबलपुर की ओर जा रहा था उक्त ट्रैक्टर जैसे ही घुटना तिराहा के पास पहुंचा ही था कि अचानक खाई में जा गिरा जिससे ट्रैक्टर में सवार 55 वर्षीय वृद्ध उसके नीचे दब गया और कुछ देर के बाद उसने दम तोड़ दिया उक्त घटना की सूचना किसी ने पुलिस को सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे शव को बाहर निकाला गया उक्त घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया यह घटना कैसे घटित हुई पुलिस द्वारा इसकी जांच की जा रही है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
लोककर्म विभाग (निविदा आमंत्रण सूचना)

N.I.T. NO. /PWD/e-Tendering/pro- 542 Dated-.09/12/2022

पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्र. -13 | संभाग क्रमांक-13 के अंर्तत विभिन्न शौचालय/मूत्रालय की रिपेयरिंग, रंगाई-पुताई एवं आवश्यक कार्य बाबद्। | जबलपुर | रू. 2.72 लाख (दो लाख बहत्तर हजार रूपये मात्र) | 01 माह (एक माह) |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptenders.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 12/12/2022 को प्रात: 10.30 बजे से दिनांक 26/12/2022 सायं 5.30 बजे तक आनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग(सं.क्र.-13), नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
लोककर्म विभाग
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T. NO/ PWD/ e-tendering/ PRO/ 539 Dated 9/12/2022

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संभाग क्रं- 14 | महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत गरबा ग्राउंड के पास मुकेश ठाकुर के घर से गोस्वामी के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रु. 535685 (पांच लाख पैतीस हजार छः सौ पच्चासी रूपये मात्र) | 3 माह |
| 2. | संभाग क्रं- 14 | चितरंजनदास वार्ड अंतर्गत अहमद नगर स्थित मस्जिद के पास से हेंदर भाई के घर तक दोनों ओर नाली निर्माण। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रु. 565891 (पांच लाख पैसठ हजार आठ सौ इनक्यानवे रूपये मात्र) | 3 माह |
| 3. | संभाग क्रं- 14 | चितरंजनदास वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सड़कनिर्माण । 1. नर्मदा नगर स्थित कपूरचंद गुप्ता तक । 2. रक्कू चाट वाली गली तक सड़क 3. अशोक पटेल की गली में सी.सी. रोड (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रु. 1026816 (दस लाख छब्बीस हजार आठ सौ सोलह रूपये मात्र) | 3 माह |
| 4. | संभाग क्रं- 14 | मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत सुभाष नगर स्थित राजेन्द्र दुबे की गली में दोनों ओर नाली निर्माण। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रु. 1075095 (दस लाख पच्छत्तर हजार पन्चान्वे रूपये मात्र) | 3 माह |
| 5. | संभाग क्रं- 14 | डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड अंतर्गत नई बस्ती बड़ा कुंआ स्थित अतीक हाफिज के मकान से एवन मेडिकल तक नाली निर्माण। (पार्षद अनुसंशा) | जबलपुर | रु. 431401 (चार लाख इक्तीस हजार चार सौ एक रूपये मात्र) | 3 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 13.12.2022 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 13.01.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्र. 14, नगर निगम जबलपुर**



**रोजगार प्रशिक्षण**
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये ! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र./अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 9/12/ 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश बड़ेरिया 2 मनोज बड़ेरिया पिता स्व. श्री रमेशचंद बडेरिया निवासी सुभाष टाकीज कोतवाली वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा ब्लॉक 14 स्थित भूमि खसरा नंबर प्लाट नं 93 में से रकवा 960 वर्गफुट भूमि पर श्यामाबाई बड़ेरिया की मृत्यु दिनाक 22.8.1980 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29.12.22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।।
जारी दिनांक - 9/11/22
पेशी दिनांक - 29/12/2022

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**



**न्यायालय तहसीलदार महोदय, अधारताल, जबलपुर मप्र**

रा.प्र.क्र.651/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 05/12 22

**-: आम इश्तहार :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती राजमती जैन पत्नी स्व.श्री प्रकाशचंद जैन, 2 प्रशांत जैन पिता स्व. श्री प्रकाशचंद जैन दोनों निवासी 686, भालदारपुरा जबलपुर वर्तमान निवासी 320, भालदारपुरा, छोटी मजार के सामने जबलपुर द्वारा ग्राम जबलपुर नंबं 264, पहनं 25/31 तहसील अधारताल व जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं 130/1, 130/2, 131, 152, 153, 154, 155 से लेकर 180 एवं 181/2, 182, 18, 181/3, 193, 194, 176, 177, 178, 181/4, 184, 185, 181/5, 186, 187, 188, 189, 190, 191, 192 एवं 222 है में समिति के पक्ष में स्वीकृत अभिन्यास द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश के अनुसार फेस ए के भू खंड क्रमांक 7, रकवा 2100 वर्गफुट भूमि वसीयतनामा दिनांक 20/9/2007 के माध्यम से वसीयत की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वसीयतकर्ता श्री प्रकाशचंद जैन पिता स्व. श्री गुलाबचंद जैन जबलपुर के द्वारा उक्त भूमि पूर्व में जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27.9.1988 के माध्यम से विक्रेता शीतलपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर से क्रय किया गया। वर्तमान राजस्त अभिलेख में उक्त भूमि मौजा जबलपुर के पटवारी खसरा नं 180, 181/1, 182, 183, 181/2, 181/3, 181/4, 184, 185, रकवा 2,4890 है भाग 23/95 भाग भूमि पर एवं डायवर्सन खसरा नं 130/1, 130/2, 131, 152, 158, 169, 170, 171, 172, 173, 160, 167, 168 वगैरह रकवा 355276 वर्गफुट भूमि पर अनावेदक/विक्रेता शीतलपुरी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर का नाम दर्ज है।

तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 20.12.2022 तक न्यायालय तहसीलदार अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 05/11/22
पेशी दिनांक - 20/12/2022

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र.754/अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 30/11 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित कया जाता है कि आवेदक 1 श्रीमती सन्मति जैन पति स्व प्रभात कुमार जैन 2 अरिहंत जैन पति स्व. प्रभात कुमार जैन निवासी 307 लालकुंआ हनुमानताल वार्ड जबलपुर के द्वारा नजूल ब्लॉक नं 42 स्थित भूमि प्लाट नंब 81/7 में से रकवा 855 वर्गफुट में से 42/5 वर्गफुट भूमि पर की मृत्यु दिनांक 28.3.2018 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 15.12.22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।।
जारी दिनांक - 30/11/22
पेशी दिनांक - 15/12/2022

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.046/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 22/11 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र प्रसाद तिवारी पिता स्व. शंकर प्रसाद तिवारी निवासी कमला नेहरू नगर जबलपुर मप्र के द्वारा मौजा हिनौतिया स्थित भूमि खसरा नंबर 324, 325, 326, 327/2 में से रकवा 1890 वर्गफुट भूमि पर श्रीमती प्रकाश देवी तिवारी की मृत्यु दिनांक 17.8.2020 को हो जाने के कारण वारसान हक में वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 14.12.22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।।
जारी दिनांक - 22/11/22
पेशी दिनांक - 14/12/2022

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

## संपादकीय

### गुजरात में फिर भाजपा, हिमाचल ने राज बदला

प्रधानमंत्री की राजनीतिक पाठशाला गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड जीत चौंकाने वाली रही। यह आश्चर्य की बात है कि लगातार सात बार चुनाव जीतने के बाद जनता में सत्ता विरोधी रुझान बेअसर रहे। माना जा रहा था कि मोरबी हादसे, महंगाई और बेरोजगारी जैसे देशव्यापी मुद्दे अपना असर दिखाएंगे, लेकिन उलटे रिकॉर्ड मतों से जनता ने भाजपा को राज सौंपा है। कहीं न कहीं गुजरात की जनता ने नरेंद्र मोदी से अपनी अस्मिता को जोड़ लिया है। यही वजह है कि आप की आक्रामक चुनावी रणनीति व कांग्रेस के परंपरागत आधार के बावजूद भाजपा को पुन~ताज मिला। इस चुनाव का एक नतीजा यह जरूर है कि वोट प्रतिशत के आधार पर आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया। हां, हिमाचल की कसक जरूर भाजपा को साल रही होगी कि प्रधानमंत्री के तूफानी दौरों व तमाम प्रचार के बावजूद हिमाचल की जनता ने 'सरकार नहीं रिवाज बदलेंगे' को खारिज कर दिया। यहां हिमाचल चुनावों को लेकर चुनाव सर्वेक्षणों की विश्वसनीयता जरूर दांव पर लगी, क्योंकि तमाम चुनाव पूर्व व एक्जिट पोल हिमाचल के चुनाव परिणामों के अनुरूप नहीं रहे। कमोबेश यही स्थिति दिल्ली के एमसीडी चुनाव परिणामों को लेकर भी सामने आई। आप की इस अप्रत्याशित जीत का ठीक आकलन नहीं किया गया था। हां, गुजरात चुनावों के बारे में जरूर कहा जा रहा है कि आप की मुहिम से कांग्रेस का वोट प्रतिशत गिरा, जिसके चलते भाजपा को अप्रत्याशित कामयाबी मिली। हालांकि, इस चुनाव में भाजपा का चुनाव प्रतिशत भी बढ़ा मगर सीटों की संख्या उस अनुपात में ज्यादा रही। बहरहाल, एक बात तय है कि गुजरात के मध्यवर्ग व शहरी क्षेत्रों में मोदी का जादू कायम है। उल्लेखनीय है कि ऐसी रिकॉर्ड कामयाबी पहले 1985 में कांग्रेस ने माधव सिंह सोलंकी के नेतृत्व में 149 सीटें हासिल करके हासिल की थी, इस रिकॉर्ड को इस बार भाजपा ने तोड़ दिया। वहीं गुजरात में हिंदुत्व फेक्टर का मुकाबला करने का कांग्रेस के पास विकल्प नहीं था। वहीं कांग्रेस सुनियोजित ढंग से लड़ाई के लिये संगठन को तैयार नहीं कर पायी। उसके पास जमीन से जुड़ा कोई बड़ा नेता भी नजर नहीं आया।वहीं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने चालीस सीटें जीतते हुए शानदार वापसी की, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा 25 सीटों पर सिमट गई। इसके बावजूद कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और हिमाचल के ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने लगातार रैलियां व रोड शो किये। मगर हिमाचल के मतदाताओं ने भाजपा के नारे 'सरकार नहीं रिवाज बदलेंगे' पर कान नहीं धरा। लगता है कि ढाई लाख कर्मचारियों वाले राज्य में मतदाताओं ने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने के कांग्रेस के वायदे पर मोहर लगाई है। इससे करीब डेढ़ लाख कर्मचारियों को फायदा हो सकता है। सवाल यह भी है कि कांग्रेस इस वायदे को कैसे पूरा करेगी जबकि पिछले पांच साल में सरकारी खर्च सत्रह हजार करोड़ से बढ़कर बाईस हजार करोड़ रुपये हो गया है। पुरानी पेंशन के लिये फंड जुटाने से विकास योजनाओं पर प्रभाव पड़ेगा। लेकिन इस मुद्दे ने कांग्रेस प्रत्याशियों को मदद जरूर पहुंचायी है। वहीं दूसरी फौजी संस्कृति वाले पहाड़ी राज्य में अग्निवीर योजना का गुस्सा भी मतदाताओं पर हावी रहा। हर साल फौज में भर्ती होने वाले हजारों युवाओं पर इसका बुरा असर पड़ा। वहीं देशव्यापी महंगाई व बेरोजगारी का मुद्दा भी चुनावों में हावी रहा। निस्संदेह, भाजपा द्वारा मोदी की छवि व राष्ट्रीय मुद्दों के इतर कांग्रेस के स्थानीय मुद्दे मतदाताओं को रास आये। सत्ता विरोधी लहर का जो प्रभाव हर पांच साल में नजर आता है, उसका असर कायम रहा। वहीं चुनाव में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की विरासत को भी कांग्रेस ने भावनात्मक मुद्दे के रूप में तरजीह दी तथा उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह को कांग्रेस की बागडोर सौंपी। दूसरी ओर भाजपा के दिग्गज नेता व दो बार मुख्यमंत्री रहे प्रेम कुमार धूमल की अनदेखी और टिकट बंटवारे का असंतोष बागियों के रूप में भाजपा को महंगा पड़ा। यदि समय रहते पार्टी में जारी अंतर्कलह को दूर किया जाता तो शायद भाजपा की कुछ सीटें बढ़ सकती थीं।

## संदर्भ– मद्रास हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा धर्मांतरण के बाद नहीं मिलेगा जातिगत आरक्षण

# धर्मांतरण से नहीं बदलती जाति

***मद्रास उच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि धर्मांतरण के बाद कोई भी व्यक्ति जाति के आधार पर आरक्षण का दावा नहीं कर सकता है। इसके साथ ही न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाली पीठ ने हिंदू समुदाय के अति पिछड़ी जाति से मुस्लिम बने एक युवक की याचिका खारिज कर दी। इस युवक ने जाति के आधार पर राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण की मांग की थी।***



उच्च न्यायालय ने कहा कि एक बार जब कोई हिंदू धर्मांतरण कर किसी ऐसे धर्म को अपना लेता है, जिसमें जाति व्यवस्था नहीं है तो फिर मूल जाति जिसमें उसका जन्म हुआ है, उस पर उसका दावा खत्म हो जाता है। याचिकाकर्ता ने कहा था कि मई 2008 में उसने इस्लाम अपना लिया था। वह 2018 में तमिलनाडू सिविल सेवा परीक्षा में शामिल हुआ था, लेकिन असफल रहा। पूछने पर पता चला कि उसे सामान्य श्रेणी का अभियर्थी माना गया। जबकि उसका दावा था कि उसे पिछड़े वर्ग का मुस्लिम माना जाना चाहिए। न्यायालय की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब सर्वोच्च न्यायालय एक ऐसी याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें ईसाई और इस्लाम धर्म अपनाने वाले दलितों को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा देने की मांग की गई है। इस मांग में संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 को भेदभाव पूर्ण बताते हुए संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में दिए प्रावधानों का उल्लंघन भी बताया।

भारत एक ऐसा विचित्र देश है, जहां 75 सालों से अनुत्तरित चले आ रहे सवाल नए-नए रूपों में प्रगट होते रहते हैं। ऐसा ही अनुत्तरित प्रश्न धर्मांतरित ईसाई और मुस्लिम बने अनुसूचित जाति बनाम दलित लोगों से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला विचाराधीन है। इस बाबत केंद्र सरकार मद्रास हाईकोर्ट के फैसले जैसा ही न्यायालय को शपथ-पत्र दे चुका है। इसके अनुसार भेदभाव के बहाने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई एवं मुस्लिम बने लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं दिया जा सकता। दरअसल एनजीओ 'सेंटर फॉर' इंटेस्ट लिटिगेशन' (एसपीआईएलऊ) द्वारा शीर्ष न्यायालय में दायर याचिका में मांग की है कि मुस्लिम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलित समूहों को आरक्षण एवं अन्य सुविधाएं दी जाएं, जो एसटी के लोगों को मिलती है। जबकि अनुसूचित जाति से जुड़े कई संगठन ऐसी मांगों का विरोध कर रहे हैं। इस शपथ-पत्र के पहले केंद्र सरकार एक आयोग का गठन कर यह पता लगा रही है कि दलित समाज के जो लोग मुस्लिम और ईसाई बन गए हैं, उन्हें अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए या नहीं। इस प्रश्न के निराकरण के लिए केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश्र केजी बालकृश्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया है। सेवानिवृत्त आईएएस रविन्द्र कुमार जैन एवं यूजीसी की सदस्य प्राध्यापक सुशमा यादव आयोग के सदस्य है। दो वर्श में यह आयोग अध्ययन करेगा कि ऐतिहासिक रूप से सामाजिक असमानता और भेदभाव झेलते चले आ रहे दलित यदि संविधान के अनुच्छेद 341 में उल्लेखित धर्मों हिंदू, सिख और बौद्ध के अलावा किसी अन्य धर्म (ईसाई या इस्लाम) में मतांतरित हो गए हैं तो क्या उन्हें अपना मूल धर्म बदलने के बाद भी अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाकर सरकारी नौकरियों, पदोन्नतियों और षिक्षा में दिए जाने वाले आरक्षण संबंधी लाभ मिलने की पात्रता दी जा सकती है ? दरअसल यह एक ऐसा जटिल एवं विरोधाभासी मामला बन गया है, जिसके परिप्रेक्ष्य में धर्म परिवर्तन करने वाले अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं, वहीं इसी जाति वर्ग से जुड़े कुछ समूहों द्वारा इस मांग का विरोध किया जा रहा है। विरोध कर रहे लोगों की दलील है कि जातिभेद से बचने की उम्मीद से धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों ने पाया कि आखिरकार जातिवाद और छुआछूत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा है। उन्हें अलग मस्जिदों और गिरजा घरों में जाने को बाध्य किया जाता है। उनके कब्रिस्तान भी अलग कर दिए गए हैं। कैथोलिक चर्च ने तो यह माना भी है कि दलित से ईसाई बने लोगों के साथ भेदभाव किया जाता है। यही भेदभाव मुस्लिम बने दलितों के साथ बरता जा रहा है। साफहै, भेदभाव दूर हो जाने के दावे वेबुनियाद हैं।

एक साल पहले लोकसभा में भाजपा के दो सदस्यों ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए मांग की थी कि दूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। झारखंड से भाजपा सांसद निषिकांत दुबे और मध्य-प्रदेष के ढालसिंह बिसेन ने कहा था कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है। दरअसल संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पश्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेष राश्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुषंसा पर दिया जाता है। इस आदेष के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेष के लागू होने के उपरांत भी इसमें संषोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संषोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिंदू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुष लग जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर राष्ट्र किसी भी नागरिक के साथ पक्षपात नहीं कर सकता। इस दृष्टि से संविधान में विरोधाभास भी हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950, जिसे प्रेसिडेन्शियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में अन्य धर्म समुदायों के दलित और हिंदू दलितों के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा है, जो समता और सामाजिक न्याय में भेद करती है। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। इस बाबत रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट ने इस भेद को दूर करने की पैरवी की थी। लेकिन संविधान में संषोधन के बिना यह संभव नहीं था। 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा था कि एक बार जब कोई व्यक्ति हिंदु धर्म या मत छोड़कर ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बन जाता है तो होने के चलते उसके सामाजिक, षैक्षिक और आर्थिक रूप से कमजोर होने की अयोग्ताएं समाप्त हो जाती हैं। लिहाजा उसे संरक्षण या आरक्षण देना जरूरी नहीं है। इस लिहाज से उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति भी नहीं माना जाएगा।

राज्यसभा में भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव द्वारा पुछे गए एक सवाल के जबाव में पूर्व विधि मंत्री रविषंकर प्रसाद ने भी कहा था कि 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन लोगों ने इस्लाम या ईसाई धर्म अपना लिया है, वे आरक्षण के लाभ का दावा नहीं कर सकते। यही नहीं ये लोग सरकारी नौकरियों के साथ-साथ संसद और विधानसभा के लिए आरक्षित सीटों पर भी चुनाव लड़ने के योग्य नहीं माने जाएंगे। केवल हिंदू सिख और बौद्ध मत को मानने वाले लोग ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने की पात्रता रखेंगे। इन्हीं लोगों को सरकारी नौकरियों की पात्रता रहेगी।' उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया था कि 'इस्लाम और ईसाई धर्म अपना चुके अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों को संसद या विधानसभा चुनाव लड़ने से रोकने के लिए जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम में भी संषोधन की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि हिंदुत्व को मानने वाले और इस्लाम या ईसाई धर्म अपना चुके लोगों के बीच अधिनियम में पहले से ही स्पश्ट विभाजन रेखांकित है।' इस बयान से साफ होता है कि इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलित और बृहद हिंदू धर्म के तहत आने वाले दलितों के बीच अंतर साफहै। यदि कालांतर में कार्यपालिका और विधायिका में बिना किसी बाधा के इस बयान पर अमल की प्रक्रिया षुरू हो जाती तो हिंदुओं में धर्म परिवर्तन थमने का सिलसिला षुरू हो जाता। इससे राश्ट्रवाद को मजबूती मिलती। क्योंकि ज्यादातर ईसाई व इस्लामिक संस्थाओं को षिक्षा और स्वास्थ्य के बहाने हिंदुत्व और भारतीय राष्ट्रवाद की जड़ों में मट्ठा घोलने के लिए विदेषी धन मिलता है।

**प्रमोद भार्गव**

## आपका राशिफल 11 दिसम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते) — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## फिल्म वर्ग पहेली- 6012



**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी आँखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिंवकल खन्ना की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फराह की 'रुत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिंवकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

**फिल्म वर्ग पहेली- 6011**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# सुबह उठकर पिएं गुनगुना पानी, एक नहीं सेहत को होंगे ढेरों फायदे

बहुत से लोग सुबह उठकर गुनगुना पानी पिते हैं। सुबह खाली पेट पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है इससे मुंह में मौजूद लार और हानिकारक बैक्टीरिया पानी के साथ मिलकर शरीर में जाते हैं। जिससे शरीर अच्छे से डिटॉक्सीफाई होता है। इसके अलावा पानी में पाई जाने वाली लार पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में सहायता करती है। बहुत से लोग सुबह उठते सादा पानी पीते हैं तो कई लोग फ्रिज का ठंडा पानी पी लेते हैं। सादा पानी पीने से स्वास्थ्य को कई नुकसान नहीं होते परंतु ठंडा पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, गुनगुना पानी पीकर सुबह की शुरुआत करने से शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं तो चलिए जानते हैं इनके बारे में....

### वजन होता है कम

नियमित रुप से गुनगुना पानी पीने से मेटाबॉल्जिम का स्तर बढ़ता है जिससे फैट तोड़ने और कैलोरी बर्न होने में भी सहायता मिलती है। वजन कम करने के लिए आप नियमित ठंडा पानी पी सकते हैं।

### स्वस्थ रहता है पाचन

रोजाना गुनगुना पानी पीने से पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है। गुनगुना पानी पेट में एसिड के उत्पादन को कंट्रोल करता है जिससे आपका पाचन तंत्र उत्तेजित होता है।

### किडनी फंक्शन सुधरता है

किडनी शरीर में से टॉक्सिन्स पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करते हैं। नियमित गुनगुने पानी का सेवन करने से किडनी का फिल्ट्रेशन सुधरता है और किडनी भी एकदम स्वस्थ रहती है।

### एसिडिटी होती है दूर

गुनगुने पानी का सेवन करने से पेट में मौजूद एसिड पतला होता है, जिससे आप एसिडिटी जैसी समस्या से आराम पा सकते हैं। नियमित गुनगुना पानी पीने से आपको एसिडिटी से भी राहत मिलती है।

### बीपी करे कंट्रोल

हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए भी रोजाना गुनगुना पानी बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे आपका ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है। इसके अलावा गुनगुना पानी हाई बीपी और ब्लड फ्लो को सुधारने में भी सहायता करता है।

### स्किन रखे हैल्दी

गुनगुना पानी आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है। इसके अलावा यह कोशिकाओं की मरम्मत करने में भी सहायता करता है। नियमित गुनगुना पानी पीने से आपका शरीर में कोलेजन का उत्पादन होता है। गुनगुना पानी पीने से आपकी त्वचा भी एकदम हैल्दी रहती है।

### हैल्दी बाल

बालों को मजबूत करने में भी गुनगुना पानी सहायता करता है। नियमित गुनगुना पानी पीने से आपके बालों की जड़ें मजबूत होती हैं। यह आपकी नर्व एंडिंग्स को उत्तेजित करना मजबूत बनाने में भी सहायता करता है। स्कैल्प में रक्त का संचार बढ़ता है और पोषक तत्वों के सर्कुलेशन में भी सुधार होता है।

## सूडोकु नवताल- 6525

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6524 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |




## विचार प्रवाह

सवाल किया है दुनिया में कितने मोड़ हैं? सबके अलगअलग विचार थे। किसी ने कहा चार दिशाएं हैं अतः चार मोड़ हैं। किसी ने कहा दस दिशाएं है अतः दस मोड़ अतः हजार हजार मोड़। किसी ने कुछ तो किसी ने कुछ कहा। मैंने जवाब में कहाः दुनिया में सिर्फ दो ही मोड़ हैं। लेफ्ट और राइट। वैसे भी दुनिया दुरंगी है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7564




**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित,संरक्षित-4
4. उत्सुकता,जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार,प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट,तश्तरी-3
15. रहस्य,भेद-2
16. जी,चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल,टोंटी-3
24. देवर्षि,देवमुनि-3
26. गुप्तचर,जासूस-2
27. गमन,विदा होना-3
28. ईश्वर,रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा,मर्जी-2
3. अंधकार,अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल,कीमत,दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार,अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम,नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत,भाव-2

**शब्द पहेली -7563 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मध्य प्रदेश में पारे ने फिर भरी हल्की उछाल, ठंडी हवाओं से ठिठुरते रहे लोग

**भोपाल , यशभारत।** मध्य प्रदेश में ठंड बरकरार है हालांकि तापमान में हल्का उछाल रहा। उत्तरी हवाओं से ठिठुरन बढ़ी है, लेकिन जानकार बताते हैं कि एक-दो दिन में तापमान फिर उछलेगा। यानी ठंड से फिर राहत मिल सकती है। कुछ जानकार जल्द ही प्रदेश में मावठा गिरने की आशंका भी जता रहे हैं। मौसम केंद्र की रिपोर्ट बता रही है कि बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों का मौसम शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान में सभी संभागों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। शहडोल, जबलपुर, सागर और होशंगाबाद संभागों में सामान्य से कम एवं शेष संभागों में सामान्य रहे। प्रदेश में सबसे कम तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। यहां 5.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आंकड़ों की बात करें तो तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। दिन का



पारा 30 डिग्री ने नीचे पहुंचा है। पश्चिमी मप्र में न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़त रही। प्रदेश में सबसे ठंडा नौगांव रहा। नौगांव में 5.6, उमरिया में 5.7, रायसेन में 6.6, बैतूल में 6.7, दतिया में 7.3, जबलपुर में 7.4, रीवा में 7.6, मंडला में 7.7, खजुराहो में 7.8, छिंदवाड़ा में 8, ग्वालियर में 8.2, गुना 8.6, दमोह में 8.8, पचमढ़ी में 9.2, सतना में 9.4, सीधी में 9.8 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान की बात करें तो इसमें भी उछाल आया है। हालांकि कई दिनों से दिन का पारा 30 डिग्री से ऊपर चल रहा था, अब वह इससे कम पर पहुंचा है। प्रदेश में सबसे गर्म खरगोन रहा। खरगोन में 29, राजगढ़ में 28.2, गुना में 28.1, दमोह में 27.6, खंडवा में 27.5, रतलाम में 27.2, नर्मदापुरम में 27.1, उज्जैन-ग्वालियर में 27, सीधी में 26.6, खजुराहो-मंडला-सागर में 26.4, शिवपुरी-छिंदवाड़ा-नौगांव में 26 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अभी हिमालय की ओर से आ रही उत्तरी हवाओं के कारण ठंड का अहसास हो रहा है। बंगाल की खाड़ी बने चक्रवात के कारण हवाओं की दिशा बदलेगी और नमी आएगी। इसके कारण शनिवार से शहर के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जानकारों की मानें तो वातावरण कुछ दिनों तक शुष्क रहेगा। हवाओं का रुख बदला है, जिससे कहीं-कहीं तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है।

# कमलनाथ ने कर्ज माफी पर पूछा सरकार से सवाल

## सीएम बोले किसानों का ब्याज जमा कर उन्हें रेगुलर करेंगे



**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में एक साल से कम का समय बचा है। इससे पहले ही प्रदेश में बीजेपी और कांग्रेस की बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर किसानों के कर्ज को लेकर सवाल उठाया है। उधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान गौरव सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस के धोखाधड़ी के शिकार किसानों का ब्याज जमा कर उन्हें रेगुलर करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान किसान हित के नाम पर रोज कोई ना कोई पब्लिसिटी स्टंट करते रहते हैं। अब उन्होंने किसान गौरव सम्मेलन करने का अभिनय किया है। मैं मुख्यमंत्री से जानना चाहता हूं कि जब कांग्रेस सरकार ने 27 लाख किसानों की कर्ज माफी कर दी थी तो आपने किसानों की कर्ज माफी क्यों रोक दी? नाथ ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से यह भी जानना चाहता हूं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था और 2022 का अंतिम महीना आ गया है, लेकिन किसानों की आमदनी दुगनी होनी तो दूर किसानों की लागत कई गुना बढ़ गई है। पूरे प्रदेश में किसान खाद के लिए बुरी तरह परेशान हो रहे हैं। झूठी घोषणाएं और आयोजन करने की जगह आप कम से कम एकाध बार तो किसान हित का कुछ अच्छा काम करिए? वहीं, भोपाल में किसान गौरव सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने कर्जमाफी के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी की। कर्जमाफी की राह देखते हुए कई किसान डिफाल्टर हो गए। हम कांग्रेस की धोखाधड़ी के शिकार किसानों का ब्याज जमा करके उन्हें रेगुलर करेंगे। चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ट्रांसफार्मर अनुदान योजना नए बजट में शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। आप लोगों से जिस तरह के सुझाव मिलेंगे, उसके अनुसार ट्रांसफार्मर शीघ्र बदले जाने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाई अपने खेतों तक आसानी से पहुंच सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। गांवों में जो किसान लंबे समय से जमीन पर काबिज हैं, उन्हें उस भूमि का पट्टा देकर मुख्यमंत्री भू स्वामित्व योजना के अंतर्गत जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा।

# किसान सम्मेलन में सीएम शिवराज बोले- खरीदी केंद्र पर कहीं कोई अव्यवस्था दिखे तो मुझे खबर दें

**भोपाल ,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान गौरव सम्मेलन में किसान गौरव सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुजरात विधानसभा चुनाव की जती पर कहा कि यह विजय ऐसी है कि विरोधी हक्के-बक्के रह गए झाड़ू की भी झाड़ू लग गई, पंजा तितर-वितर हो गया शानदार सफलता भारतीय जनता पार्टी ने प्राप्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी, गतिशील और कर्मठ नेतृत्व को हम प्रणाम करते है और इस संकल्प के साथ ठीक ऐसी ही विजय मध्यप्रदेश में हो इसमें हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, नवाब, अंग्रेज मिलकर साढ़े 7 लाख हेक्टेयर जमीन सींच पाए, लेकिन हमने अपनी सरकार में सिंचित क्षेत्र को बढ़ाकर 45 लाख हेक्टेयर कर दिया है। हम फिर से मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना चालू कर रहें हैं। किसानों के खेतों में सड़क होगी। उन्होंने कहा कि मेरे मन में यही भाव रहता है कि अगर एक क्षण भी बेकार करता हूं तो लगता है कि मैं 8.5 करोड़ लोगों के साथ अन्याय कर रहा हूं। आप खरीदी केंद्र पर कभी-कभी जाएं, देखें, मामला ठीक ठाक चल रहा है या नहीं ! अगर कहीं लगता है कि अव्यवस्था है तो आप उसकी खबर करो मेरे पास। आप सही जानकारी दोगे तो हम मिलकर लोगों की भलाई के लिए काम करेंगे और सच में इससे बड़ा संतोष कोई नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान करें किसी के साथ कोई दुर्घटना ना हो। लेकिन कोई किसान मुसीबत में अगर आए तो मामा कोई कसर नहीं छोड़ेगा। सीएम ने कहा कि अपनी राजनीति है दूसरों की सेवा करने के लिए, दूसरों की पीड़ा हरने के लिए दूसरों को सुख देने से बड़ा कोई सुख और आनंद है ही नहीं ! उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि हम मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का पैसा बांटे तो उस समय 1 संभाग में 1 जगह कार्यक्रम उससे सारे जिले जोड़ें। उस समय एक बड़ी प्रदर्शनी भी लगाएं जिनमें सारी आधुनिक मशीनें, आधुनिक खेती की प्रदर्शनी लगाकर किसानों को प्रेरित भी करें।

# पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का एक साल पूरा, अब थानों की रैंकिंग का जिम्मा जनता पर, कमिश्नर खुद करेंगे कॉल



**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के दो बड़े शहर इंदौर और भोपाल में कमिश्नर प्रमाणी लागू हुए एक साल पूरा हो गया है। एक साल पूरे होने पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने डीजीपी सुधीर सक्सेना समेत अन्य अधिकारियों के साथ कमिश्नर प्रणाली की समीक्षा की है। गृहमंत्री ने कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद इंदौर और भोपाल की उपलब्धियों को गिनाया है। नरोत्तम मिश्रा ने समीक्षा के बाद कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी कमिश्नरेट सिस्टम लागू करने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे।

### जनता के फीडबैक पर रैकिंग

गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा इंदौर और भोपाल में अब जनता थानों की रैंकिंग करेगी। मिश्रा ने कहा कि थाने जाने वाली जनता के मोबाइल नंबर पर कमिश्नर बात करेंगे। उनसे पूछा जाएगा कि थाने में आपके साथ कैसे व्यवहार और बर्ताव हुआ। किस वजह से थाने गए। क्या कार्रवाई हुई। इसके आधार पर कमिश्नर थानों की रिपोर्ट तैयार करेंगे। मिश्रा ने कहा कि आज कमिश्नर सिस्टम को 1 साल हो गया है और यह एक साल सफल रहा है। इसके लिए डीजीपी और दोनों कमिश्नर को बधाई। गृहमंत्री ने कहा कि अपराधियों की जमानत लेने वालों पर भी कार्रवाई होगी। जमानत लेने के बाद अपराधी फरार हो जाते है। अब जमानत दार से राशि वसूलने का काम किया जाएगा।

### भोपाल में 20प्रश और इंदौर में 25प्रशअपराध में कमी

मिश्रा ने बताया कि भोपाल में प्रति लाख पर 20 प्रतिशत अपराध में कमी आई है। वहीं, इंदौर यह कमी 25 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बड़े अपराधों लूट, चोरी, डकैती में इन सब में 10 प्रतिशत पकड़ने और बरामदगी का आकड़ा बढ़ा है।

### सायबर अपराध में एक साल में करोड़ रुपए बरामद

गृहमंत्री ने कहा कि सायबर अपराध में 1 साल में भोपाल पुलिस ने एक करोड़ 14 लाख रुपए बरामद किए है। वहीं, इंदौर पुलिस ने 3 करोड़ रुपए बरामद किए हैं। अदातन अपराधियों में 50 प्रतिशत की कमी आई। मिश्रा ने पुलिसकर्मियों की कमी पर कहा कि जल्द ही 7 हजार जवानों की भर्ती की जा रही है।

### आदतन अपराधियों की अपराधों में 50% की कमी

भोपाल पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने कहा कि आदतन अपराधियों के अपराधों में 50 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले साल आदतन अपराधियों ने 25 सौ घटनाओं को अंजाम दिया था अब यह संख्या 13 सौ पर सिमट कर रह गई है। पिछले साल साढ़े 6 सौ अपराधी हमारे सिस्टम में जुड़ रहे थे, जिनकी सख्या 289 है। सायबर अपराध में पिछले साल के मुकाबले तीन गुना राशि हम बरामद करा पाए है। कमिश्नर ने बताया कि 2018 में घर से गए बच्चों को रिकवर करने में 70 दिन लग रहे थे, अब सिर्फ 13 दिन में बच्चों को रिकवर कर पा रहे हैं।

# प्रदेश के पहले संजीवनी पॉली क्लीनिक का भोपाल में शुभारंभ, स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम बोले 32 और खुलेंगे

**भोपाल , यशभारत।** दिल्ली की मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर प्रदेश में भी संजीवनी पॉली क्लीनिक खुलेंगे। प्रदेश का पहला संजीवनी पॉली क्लीनिक का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग भी उपस्थित थे। इन क्लीनिक में एक ही स्थान पर स्त्री रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, शिशु रोग सहित अन्य बीमारियों का चिकित्सा परामर्श मिल सकेंगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा है कि भोपाल नगर में 32 मुख्यमंत्री संजीवनी पॉली क्लीनिक शुरू किये जाएंगे। पॉली क्लीनिक में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ उपचार के लिये उपलब्ध रहेंगे। साथ ही विभिन्न जांच और दवाइयां निऱ्शुल्क उपलब्ध रहेंगी। मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। हाल ही में मंत्रि-परिषद द्वारा 226 नई स्वास्थ्य संस्थाएं शुरू करने की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने विद्यार्थियों को मातृभाषा हिन्दी में मेडिकल की पढ़ाई की सुविधा दी है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कोरोना की चुनौती का डट कर सामना किया और कोरोना पर विजय प्राप्त की। स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर अन्य देशों को भी उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में व्यक्ति के निर्माण की अवधारणा को केन्द्र में रख राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार कर गोविंदपुरा क्षेत्र में पाली क्लीनिक शुरू की जा रही है। पॉली क्लीनिक से ईएसआई को भी जोड़ेंगे, जिससे औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ होगा। मंत्री सारंग ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी के रायसेन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज शुरू करने के प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लेने की बात कही। विधायक कृष्णा गौर ने कहा कि गोविंदपुरा और आस-पास के क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार की सुविधा मुख्यमंत्री संजीवनी पॉली क्लीनिक में प्राप्त होगी।

# जयस की यूथ कार्ड से टक्कर देने की तैयारी, औवेसी की पार्टी समेत स्ष्ट, OBC को भी एक करने में जुटी

**भोपाल ,ईएमएस।** मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव में एक साल से भी कम का समय बचा है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दल का फोकस आदिवासी वोटरों पर है। इस बीच आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) संगठन सामाजिक संगठनों और छोटे दलों को एकजुट कर तीसरा विकल्प बन कांग्रेस और बीजेपी को टक्कर देने की तैयारी में जुट गया है। जयस ने एससी और ओबीसी वर्ग की उपेक्षित जातियों को अपने साथ मिलाकर अपना दायरा बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसमें अब ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को भी साथ लाने की तैयारी में हैं। जय आदिवासी युवा शक्ति के राष्ट्रीय संरक्षक और कांग्रेस से विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने 2023 के चुनाव में आदिवासियों के लिए आरक्षित और प्रभाव रखने वाली 80 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके है। अब जयस अपने साथ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य छोटे दलों को साथ लाने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर भोपाल में सामाजिक परिचर्चा एवं संगोष्ठी का आयोजन भी 10 दिसंबर को किया जा रहा है। इससे पहले डॉ. अलावा ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को जोड़कर सच्चे राष्ट्र भक्तों की टीम तैयार कर देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना तथा संविधान की रक्षा एवं उसका शत प्रतिशत अनुपालन करना है। प्रदेश में आदिवासी वर्ग सरकार बनाने में निर्णायक भूमिका निभाता है, लेकिन अब जयस अलग ही रणनीति पर चल रहा है। जयस अब अपने साथ मांझी, धनगर, बंजारा समेत अन्य जातियों को अपने साथ ला रहा है। जयस के साथ कई जातियों के संगठन जुड़ भी गए हैं। इसके लिए प्रदेश में जयस 20 अक्टूबर से समाज को जोड़ो अभियान भी चला रहा है। दरअसल उसका एजेंडा प्रदेश के हर हिस्से और वर्ग तक पहुंच बनाना है। इसी के तहत भोपाल में हाल ही में मांझी आदिवासी महासंघ के बैनर तले सम्मेलन का आयोजन किया गया। 2018 में जयस कांग्रेस के साथ गया। इससे कांग्रेस ने बीजेपी से आदिवासी आरक्षित 15 सीटें जीत लगी। वहीं, आदिवासी वोट से दूसरी कई सीटों पर उसे बढ़त मिली। यहीं कारण है कि बीजेपी और कांग्रेस का फोकस आदिवासी वोटरों को साधने पर है।

# 63 हजार 300 पंच पद के लिए पांच जनवरी को होगा चुनाव

**भोपाल ,यशभारत।** प्रदेश में 63 हजार 300 पंच पद के रिक्त स्थानों के लिए पांच जनवरी को चुनाव होगा। इसके साथ ही सरपंच के दो सौ और जनपद सदस्य के नौ पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। पंच पद का चुनाव मतपत्र से होगा। जबकि, सरपंच और जनपद सदस्य के लिए चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि 61 हार 936 पंच, 122 सरपंच और नौ जनपद पंचायत सदस्य के लिए उपचुनाव कराए जा रहे हैं। एक हजार 364 पंच और 78 सरपंच के पद का कार्यकाल समाप्त हो गया है। इनके लिए भी उपचुनाव के साथ चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव की घोषणा होने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। मतदान सुबह सात से तीन बजे तक होगा। चुनाव की सूचना 15 दिसंबर को जारी होगी और इसके साथ ही नामांकन पत्र प्राप्त करने का काम प्रारंभ हो जाएगा। नामांकन 22 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। इनकी जांच 23 दिसंबर को होगी। 26 दिसंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पंच पद के लिए मतगणना मतदान समाप्त होने के बाद मतदान केंद्र पर ही होगी। सरपंच और जनपद पंचायत सदस्य की मतगणना नौ जनवरी 2023 को सुबह आठ बजे से विकासखंड मुख्यालय पर होगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाहा के वेतन-भत्तों पर रोक, यह है मामला

**भोपाल ईएमएस।** मप्र के मुरैना जिले की सुमावली सीट से कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाहा के वेतन- भत्तों पर रोक लगा दी गई है। विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। बता दें कि भूमि की खरीद-बिक्री में धोखाधड़ी के एक मामले में पिछले दिनों जिला न्यायालय ने विधायक को दोषी पाते हुए दो साल की सजा सुनाई है। इसी मामले में विधानसभा सचिवालय ने उन्हें नोटिस देकर पक्ष स्पष्ट करने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने अब तक कोई पत्राचार नहीं किया है। विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि उनके वेतन-भत्तों पर रोक लगा दी गई है। रेलवे कूपन भी अब जारी नहीं होंगे। सोमवार को प्रकरण आगामी कार्यवाही के लिए विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।



### अजब सिंह ने सजा के खिलाफ पेश की अपील, जबलपुर में होगी सुनवाई

मुरैना के सुमावली से कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाह ने दो साल की सजा के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में अपील पेश कर दी है, लेकिन अब इस अपील की सुनवाई हाई कोर्ट की प्रिंसिपल बेंच जबलपुर में होगी। अपील जबलपुर स्थानांतरित हो गई है, क्योंकि मंत्री, सांसद, विधायक को होने वाली सजा की अपील प्रिंसिपल बेंच में ही सुनी जाएगी। दो दिसंबर 2022 को विशेष सत्र न्यायालय ग्वालियर ने विधायक अजब सिंह कुशवाह, उनकी पत्नी शीला कुशवाह और उनके सहयोगी कृष्ण गोपाल चौरसिया को दो-दो साल की सजा सुनाई थी और 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया था। अजब सिंह कुशवाह को सजा होने पर उनकी विधायकी खतरे में पड़ गई है, क्योंकि दो साल की सजा पर विधायक को अयोग्य माना जा सकता है।

# बिलाबोंग स्कूल की बस में छात्रा से दुष्कर्म मामले में फैसला आज

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के बिलाबांग हाई इंटरनेशनल स्कूल की बस में चालक हनुमंत जाटव द्वारा तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट आज अपना फैसला सुनाएगी। इस मामले की सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई थी। कोर्ट ने मामले का फैसला शनिवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था।बिलाबांग स्कूल के बस ड्राइवर हनुमंत जाटव पर आरोप है कि आठ सितंबर को उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। इसमें बस में मौजूद महिला अटेंडर उर्मिला साहू ने भी बच्ची को नहीं बचाया। इस मामले में बच्ची के माता-पिता ने स्कूल प्रबंधन को शिकायत की थी। स्कूल प्रबंधन ने मामले में गंभीरता से न लेते हुए ड्राइवर को भी क्लीन चिट दे दी थी। जिसके बाद बच्ची के माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने 12 सितंबर को केस दर्ज किया था। आरोपित ड्राइवर और महिला अटेंडर को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संज्ञान लेते हुए नाराजगी जताई थी। जिसके बाद स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने भी जांच कमेटी गठित की थी।इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय ( पोक्सो ) के द्वारा फैसला सुनाया जाना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 20 दिन के अंदर 29 सितंबर को 242 पेज का चालान पेश किया था। इसी मामले में स्कूल की ही एक अन्य बच्ची के अभिभावक ने भी न्यायालय पहुंचकर बयान दर्ज कराए हैं। उक्त मामले में करीब 31 लोगों की गवाही के बाद अदालत मामले में फैसला सुनाएगी।

# कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन से परेशान नगर निगम प्रशासन

**भोपाल यशभारत।** नगर निगम के नियमित, विनियमित और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी लंबित मांगे पूरी नही होने पर आक्रोशित हैं। बीते गुरुवार को हजारों की संख्या में इकत्रित होकर इन कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय का घेराव किया है। साथ ही आगामी 12 दिसंबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों ने परेशान होकर कर्मचारी संगठन के नेताओं को आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी के साथ चर्चा करने के लिए बुलाया था। दरअसल अधिकारियों को पता है कि यदि निगम के सभी कर्मचरी लामबंद होकर हड़ताल पर चले जाते हैं, तो शहर में साफ-सफाई, जलापूर्ति और यातायात समेत अन्य सेवाएं ठप हो जाएंगी। इसके लिए निगम के अधिकारी, कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार को निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने कर्मचारी नेताओं से दो घंटे बैठक की। इस दौरान उनसे हड़ताल ना करने का समर्थन मांगा। साथ ही कर्मचारियों की मांगों पर अमल करने




का आश्वासन दिया है। हालांकि उन्होंने दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से कहा कि फरवरी के बाद आगामी बजट मिलते ही नियमित कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाएगा। अनुकंपा नियुक्ति के प्रयास भी किए जाएंगे। लेकिन पदाधिकारी निगमायुक्त की बातों पर असहमति जताते हुए 12 दिसंबर को हड़ताल करने की तैयारी में कर्मचारियों को एकजुट करने में लगे हैं। कर्मचारी नेताओं से मुलाकात के बाद शुक्रवार शाम को नगर निगम में रिक्त पदों के लिए 1273 विनियमित कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची जारी की है। ये सूचियां नगर निगम मुख्यालय समेत वार्ड और जोन कार्यालयों में चस्पा की जाएगी। साथ ही निगमायुक्त ने विभागाध्यक्षों से 10 दिन में विनियमित कर्मचारियों के संबंध में अनापत्ति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# मध्य प्रदेश में सरपंच और सचिवों पर कार्रवाई का अधिकार जिला पंचायत सीईओ को दिया

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में सरपंच और सचिवों पर कार्रवाई का अधिकार अब जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के पास होगा। सरकार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) से लेकर यह अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। नए आदेश के बाद अब जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायतों पर पूरी तरह निगरानी रखने का काम करेंगे। यदि किसी सरपंच या पंचायत सचिव के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता या पद के दुरुपयोग का मामला सामने आता है तो उन्हें पद से हटाने व वसूली करने की कार्रवाई कर सकेंगे। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने नई व्यवस्था को लागू करते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत के मामले में अब सीईओ जिला पंचायत कार्रवाई करने के लिए अधिकृत होंगे। जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पदों के मामले में कलेक्टर या अतिरिक्त कलेक्टर को इसका अधिकार होगा। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से संबंधित मामलों में संभागीय आयुक्त या अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कार्रवाई कर सकेंगे। मध्य प्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर पुरानी पेंशन प्रदेश में शुरू करने और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को प्रवर श्रेणी एवं वरिष्ठ प्रवर श्रेणी के लिए निर्धारित अर्हताकारी सेवा की अवधि में दो वर्ष की छूट दिए जाने की मांग की है। मध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष जीपी माली और प्रभारी महासचिव किरण गुप्ता ने मुख्यमंत्री चौहान से मुलाकात कर उन्हें राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की सेवा शर्तों, पदोन्नति, क्रमोन्नति में आ रही समस्याओं और मैदानी पदस्थापना में आ रही व्यवहारिक समस्याओं से अवगत कराया और ज्ञापन सौपा। संघ अध्यक्ष जीपी माली ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान से वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान में क्रमोन्नति के लिए निर्धारित छह वर्ष की सेवा अवधि को शिथिल कर चार वर्ष किया जाना चाहिए।

## विधायक श्री पटैल व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती काकोड़िया ने वितरित किये हितलाभ

# हितग्राहियों को मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के हितलाभ वितरित

***नरसिंहपुर यभाप्र।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ के वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक जालम सिंह पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की मौजूदगी में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं कन्या पूजन से किया।*




कार्यक्रम में विधायक श्री पटैल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती काकोड़िया ने हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ वितरित किये। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 2 लाख एक हजार 19 आवेदन स्वीकृत किये गये। स्वीकृति पत्र व हितलाभ वितरण के कार्यक्रम जिला, जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत स्तर और नगरीय निकायवार आयोजित किये गये। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत नयागांव की प्रेमवती बाई को कपड़ा दुकान के लिए 1.95 लाख रुपये, गुड़वारा के नरेन्द्र कौरव को किराना दुकान के लिए 6 लाख रुपये, नकटुआ के संजीत साहू को बारदाना शॉप के लिए 9 लाख रुपये, नकटुआ के भूपेन्द्र सिंह को मेडिकल स्टोर के लिए दो लाख रुपये व बगासपुर के अश्विनी शर्मा को लोहा सीमेंट व्यवसाय के लिए 10 लाख रुपये, अंडिया की दुर्गाबाई को फौती नामांतरण, निराकरण पत्र एवं अमित नौरिया को बीपीएल राशन पर्ची, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण के लिए जरजोला के राम सिंह लोधी, सतीश लोधी व बैनी सिंह लोधी तथा नकटुआ के केहर सिंह को 12- 12 हजार रुपये, लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत नरसिंहपुर के नेहरू वार्ड की कु. माहीनूर हनीफ खान, किसानी वार्ड की शानवी राहुल जाट, शास्त्री वार्ड की उन्नति राजपूत व संभवी नौरिया को अलग-अलग 1.43 लाख रुपये, नरसिंहपुर के राकेश सिंह नौरिया, गोविंद सिंह चौधरी व अली खान को खाद्यान्न पात्रता पर्ची, मगरधा की शबाना बी को 600 रुपये प्रतिमाह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं रौंसरा के धूपलाल प्रजापति को प्रति माह 600 रुपये की वृद्धावस्था पेंशन, नरसिंहपुर के सुयश साहू को आयुष्मान कार्ड, अशोक साहू को भवन निर्माण पंजीयन कार्ड व रेखा लोधी को बीपीएल राशन कार्ड के हितलाभ वितरित किये। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के छिंदवाड़ा जिले में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया, जिसे मौजूद लोगों ने देखा व सुना।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटैल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दौरान जिले में दो लाख से अधिक हितग्राही लाभांवित हुये हैं। नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 56 हजार से अधिक आवेदन स्वीकृत किये गये हैं। मध्यप्रदेश सरकार सभी पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। अभियान के दौरान घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर लाभ दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार अंत्योदय की विचार धारा पर काम कर रही है। प्रदेश में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, आवास, उपज का समर्थन मूल्य, शिक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, महिला सशक्तिकरण, रोजगार समेत सभी क्षेत्रों में समाज के सभी वर्गों को लाभ दिलाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के हित में मुख्यमंत्री ने बहुत अच्छी लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 लागू की है। अब लाड़लियों को उच्च और व्यावसायिक शिक्षा के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में दी जा रही है। प्रदेश में 43 लाख से अधिक लाड़लियों का पंजीयन किया जा चुका है।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बताया कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान का आयोजन जिले में 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक किया गया। इस दौरान 38 चिन्हित योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्र में 450 शिविर एवं शहरी क्षेत्र में 37 शिविर समेत जिले में 487 शिविरों का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में प्राप्त एक लाख 79 हजार 470 आवेदनों में से एक लाख 59 हजार 624 आवेदन स्वीकृत किये गये। शहरी क्षेत्र के 37 शिविरों में प्राप्त 44 हजार 12 आवेदनों में से 41 हजार 395 आवेदन स्वीकृत किये गये। इस तरह जिले के 487 शिविरों में प्राप्त 2 लाख 23 हजार 447 आवेदनों में से 2 लाख एक हजार 19 आवेदन स्वीकृत किये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव, अन्य जनप्रतिनिधि, हितग्राही और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में कलापथक दल द्वारा मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया।

# रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। राजस्व एवं खनिज साधन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जिले में अवैध रूप से भंडारित 120 घनमीटर रेत व 160 घनमीटर गिट्टी, वैध रायल्टी नहीं पाये जाने पर दो डम्फर रेत और अवैध रेत परिवहन पर एक ट्रेक्टर- ट्राली जब्त कर प्रकरण दर्ज किये गये हैं। इसी क्रम में तहसील नरसिंहपुर के ग्राम खमरिया में शेढ़ नदी पर निर्माणाधीन पुल हेतु अवैध रूप से भंडारित 120 घनमीटर रेत और 160 घनमीटर गिट्टी खनिज को जब्त कर अवैध भंडारण का प्रकरण तैयार किया गया है। इसी तरह एसडीएम गाडरवारा एवं खनिज व राजस्व विभाग के अमले द्वारा वैध रायल्टी नहीं पाये जाने पर 2 डम्फर रेत जब्त कर गाडरवारा थाने में पुलिस अभिरक्षा में रखी गई है। इस संबंध में वाहन चालक अनिल दुबे एवं देवी सिंह गौड़ ने बताया कि उक्त रेत नर्मदापुरम से डम्फर में भरकर वे सागर की ओर ले जा रहे थे। तहसीलदार चीचली एवं खनिज व राजस्व विभाग के अमले द्वारा चीचली थाना के अंतर्गत ग्राम छैनाकछार में सीतारेवा नदी से रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर एक बिना नम्बर का ट्रेक्टर- ट्राली महिन्द्रा 275 लाल रंग का जब्त कर पुलिस थाना चीचली की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी क्रम में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा करेली तहसील के रेवानगर में नर्मदा नदी के आसपास के क्षेत्र में सघन जांच की गई। यह जानकारी अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य ने दी है।

## सरकारी स्कूलों मे उत्कृष्ट शिक्षा और अस्पतालों में अच्छे इलाज की जरूरत

तेंदूखेड़ा यभाप्र। विगत दिवस एक निजि कार्यक्रम में ग्राम इमझिरा पंहुची पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने स्पष्ट किया कि वर्तमान मे शिक्षा के निजिकरण की बजाय सरकारी स्कूलों मे अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिये तथा प्राइवेट अस्पताओं को बढ़ावा दिये जाने की बजाय सरकारी अस्पतालों मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराई जानी चाहियें। समाज मे जब असमानता का भाव बनता है तो अराजकता फैलती है। इस विषय में सरकार को मैने कहा भी है। वर्तमान मे अब भुखमरी की समस्या तो नहीं है लेकिन एक जो अराजकता जैसी स्थिति बन रही है उसे दूर करने की जरूरत है।

# लाखों रूपये खर्च कर बनाये गये टॉयलेट्स चालू किये बिना ही हुए खण्डहर

**पनागर, यशभारत।** नगर पालिका परिषद पनागर अंतर्गत बरझाई तिराहा पास सिंगौद रोड में लाखों रुपये की लागत से बनाये गए टॉयलेट्स बिना दरवाजा,बिना पानी,बिना रोड के खंडहर हो गए है टॉयलेट्स चालू होने का वर्षो से महिला व पुरूष इंतजार कर रहे है राम वार्ड वासियों को बेहतर सुविधा मिले इसी उद्देश्य से लाखों रूपये खर्च करके समीप ही टॉयलेट्स बनाए गए थे लेकिन टॉयलेट्स पूरे खंडहर में तब्दील हो गए है स्थानीय जनों ने बताया कि जब से टॉयलेट्स बनाये गए है आज तक चालू नही हुए जरूरतमंद महिला व पुरूष वार्ड वासी जरूरतों के निस्तार के लिये यहां-वहां भटकने को मजबूर हैं।इन लोगों को यह चीज हैरान कर रही है कि नगर पालिका परिषद को टॉयलेट्स चालू किये जाने की फुर्सत नहीं है



### इनका कहना

शौचालय चालू नही होने की जानकारी मिली है जल्द ही इन्हें चालू कराया जायेगा जो काम बाकी बचा है उसे पूरा कराया जायेगा

**प्रदीप पटेल**
**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पनागर**

### इनका कहना

जल्द ही डब्ल्यूबीएम रोड प्रस्तावित कर रहे है, अधूरे पडे शौचालय को व्यवस्थित तरीके से कार्य ठेकेदार से कराया जायेगा,ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिए है

**अमृता बरारे**
**सहायक यंत्री**
**नगर पालिका परिषद पनागर**

# सिवनी के लाडले सरकार भगवान लड्डू गोपाल जी का 10 वीं बार सोधिया परिवार में आगमन

**पनागर, यशभारत।** नगर में स्थापित एक मात्र नर्मदा मन्दिर जिसका कि 16 दिसम्बर को स्थापना दिवस रहता है साथ ही स्थापना करने वाले नर्मदा भक्त संदीप सोधिया जी की पूज्य माता जी की पुण्यतिथि रहती है,इस अवसर पर प्रतिवर्ष समर्थ मातृ स्मृति दिवस प्रकृति उपासक समर्थ सदगुरू भैया जी सरकार दादा गुरु के सानिध्य में मनाया जाता है।इस वर्ष भी 14 दिसम्बर को लड्डू गोपाल जी का



आगमन हो रहा है,जिसमे- 15 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक दोपहर 2 बजे से प्रतिदिन नगर की प्रतिभा सुश्री गुरूप्रिया समर्थ द्वारा भगवत तत्व पर संगीतमय प्रवचन होंगे।17 दिसम्बर को संत सम्मेलन एवं भगवान लड्डू गोपाल जी को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।प्रतिदिन गोपाल जी का अभिषेक दर्शन।इस अवसर पर आप सभी से उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेने का संदीप सोधिया ने आग्रह किया है।

# गोटेगांव खेड़ा में हितग्राहियों को वितरित हुए प्रमाण पत्र



**गोटेगांव, यशभारत।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा में शासन के निर्देशानुसार जनसेवा अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रकार राहुलखेमरिया की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया सर्वप्रथम मुख्यअतिथि राहुल खेमरिया द्वारा भारत माताजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित करने के उपरांत पात्र हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन लाडली लक्ष्मी योजना राशनपर्ची आयुष्मान कार्ड संबंधी प्रमाणपत्र वितरित कर शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को उज्जवल बनाने का संदेश दिया इस अवसर पर सरपंचश्रीमती प्रियंकाराहुलखेमरिय सचिव उषाजैन रोजगार सहायक राजकुमार रजक उपसरपंच घनश्याममेहरा निक्की सरपंच प्रतिनिधि महेंद्रपटेल सहित हितग्राही व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जल प्रदाय की अमृत 2.0 योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर यभाप्र।** अटल मिशन फॉर रिज्यूविनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन अमृत 2.0 योजना की जिला स्तरीय समीक्षा व निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में अमृत 2.0 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर, गाडरवारा, करेली एवं गोटेगांव की जल प्रदाय योजना और जल संरचना जीर्णोद्धार परियोजना प्रस्तुत की गई। कलेक्टर सुश्री बाफना द्वारा इन योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

# एडीआरएम के नेतृत्व में काशी-तमिल संगमम ट्रेन का जबलपुर में हुआ स्वागत

**जबलपुर यशभारत।** दक्षिण एवं उत्तर भारतीय संस्कृति को सहेजे हुए काशी-तमिल संगमम की रेलगाड़ियों का पश्चिम मध्य रेलवे के क्षत्राधिकार के स्टेशनों जैसे इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर पहुंचने पर डेलिगेट्स का स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में काशी-तमिल संगमम की सेकंड लास्ट ट्रेन जबलपुर स्टेशन पर दोपहर में पहुँची तो डेलीगेट्स का स्वागत पट्टिका, चन्दन का टीका तथा बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। गाड़ी संख्या 22535 रामेश्वरम-बनारस एक्सप्रेस के आगमन अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में स्टेशन डायरेक्टर मृत्युन्जय कुमार, आरपीएफ थाना प्रभारी एस. के. मंसूरी, रेलवे चिकित्सक डॉ. रवि शंकर मीणा, स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) संजय जयसवाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रेलवे के पर्यवेक्षकों ने उक्त ट्रेन से आये काशी-तमिल संगमम डेलीगेट्स का स्वागत किया। उक्त सम्मान से सभी यात्री बहुत खुश नजर आये और रेल प्रशासन द्वारा किए गए इन्तजामों की सराहना करते हुए गंतव्य काशी की ओर रवाना हुए। इस ट्रेन में 216 यात्री दक्षिण भारत से काशी के लिए जा रहे हैं जो कि काशी-तमिल संगमम 2022 ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के हिस्से के रूप में भारत सरकार की पहल पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' समारोह में शामिल होंगे।अंतिम रेलगाड़ी संख्या 22669 एर्नाकुलम से पटना आगामी 12 दिसम्बर को पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी और इनमें सवार सभी डेलीगेट्स का भी स्वागत किया जाएगा।




# 101 ई-नीलामी से 08 करोड़ 54 लाख रूपये वार्षिक राजस्व

जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में वाणिज्यिक आय, गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) अनुबंधों के लिए ई-नीलामी के शानदार परिणाम मिल रहे है। इस नीति के अंतर्गत अर्निंग एसेट्स जैसे आउट ऑफ होम, स्टेशन को-ब्रांडिंग, पार्किंग, पार्सल लीजिंग, स्टेशन पर रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क (आरडीएन), मोबाईल एसेट्स, एटीएम, पे एंड यूज टॉयलेट एवं अन्य नॉन फेयर रेवन्यू (एनएफआर) आदि इन परिसंपत्तियों को पोर्टल में मैपिंग करके शामिल किया गया है और नीलामी प्रक्रिया ऑन लाईन हो रही है। पमरे में भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) के माध्यम से जबलपुर मण्डल में 261, भोपाल में 217 तथा कोटा मण्डल में 254 एसेट्स का रजिस्ट्रेशन किया गया है।

*पमरे के तीनों मण्डलों पर चालू वित्तीय वर्ष में 07 दिसंबर तक कुल 101 ई-नीलामी ठेका आवंटित किए गए हैं जिनसे रेलवे को 854 लाख 08 हजार रूपये वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा। जो कि निर्धारित रिजर्व प्राईस से लगभग 32 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार मण्डल वाइस बात करें तो जबलपुर मण्डल में कुल 28 ई-नीलामी ठेका आवंटित हुए हैं, इससे रेलवे को 279 लाख 46 हजार रूपये वार्षिक राजस्व मिलेगा यह राजस्व निर्धारित रिजर्व प्राइस से लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। भोपाल मण्डल* में कुल 26 ई-नीलामी ठेका आवंटित करके रेलवे को 303 लाख 15 हजार रूपये वार्षिक राजस्व मिलेगा जो कि निर्धारित राजस्व प्राईस से लगभग 40 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह कोटा मण्डल* में कुल 47 ई-नीलामी ठेका आवंटित करके रेलवे को 271 लाख 47 हजार रूपये वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा, जो निर्धारित रिजर्व प्राईस से लगभग 20 प्रतिशत से अधिक है। इस नई नीलामी प्रक्रिया से जो राजस्व मिला है वह निर्धारित रिजर्व प्राईस की तुलना में लगभग 32 प्रतिशत अधिक है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत ई-नीलामी में भाग लेने हेतु पार्टी/बोलीदाता को 222.द्बह्मद्गश्चह्य.द्दश्1.द्बठ्ठ वेबसाइट पर जाकर स्वयं को ई-आक्शन मोडयूल में पंजीकृत कराना होता है। नीलामी मे भाग लेने वाले बोलीदाता/पार्टी की आवश्यक योग्यता, उसका वित्तीय टर्न ओवर एवं स्वघोषित दस्तावेज अपलोड करना होता है। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कोई पूर्व पंजीकरण आवश्यक नहीं होता। बोलीदाता की कोई भौगोलिक बाध्यता नहीं है। स्वघोषित दस्तावेज गलत पाये जाने पर जमानत राशि जब्त करने का प्रावधान है। इस प्रक्रिया को तेजी से कम समय में पूर्ण करने के लिए ई-नीलामी का नोटिस पीरियड 15 दिन रखा गया है। इसमें सभी भुगतान आनलाइन हो रहे हैं। वाणिज्यिक आय और नॉन-फेयर रेवेन्यू सम्बंधित अनुबंधों को 'ई-ऑक्शन' प्लेटफार्म के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था में प्रक्रिया को सरल किया गया है, जिससे अधिक से अधिक इच्छुक व्यक्ति/फर्म इसमें हिस्सा ले सकते हैं। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और इन्ट्री बैरियर समाप्त हो रहे हैं तथा अनुबंध की प्रक्रिया में विलम्बन भी समाप्त हो रहा है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में किसी भी सहायता एवं जानकारी के लिये सम्बंधित वाणिज्य विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

# जनपद सभागार में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र किए गए वितरित।



**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सभागार मे मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र पूर्व जनपदअध्यक्ष पंडित संतोषदुबे जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दादूरामपटेल राजेशराजपूत सीईओ श्रीमती वर्षा झारिया सीएमओ सुश्री साक्षी बाजपेई की गरिमामय उपस्थिति में वितरित किए जाने के उपरांत पूर्व जनपद अध्यक्ष पं.संतोषदुबे ने सभी हितग्राहियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहाकि शासन की जो भी योजनाएं हैं उन सभी को जनता जनार्दन तक पहुंचाना ही हम लोगों का मुख्य उद्देश है सभी हितग्राही शासन की समस्त योजनाओं का लाभ अवश्य रूप से प्राप्त करें इस अवसर पर जनपद सदस्य केहरसिंहपटेल विजयसिंह पटेल सुरेशठाकुर संतोषदोहैया संजयचौबे सहित समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी जनपद पंचायत के समस्त पदाधिकारी व विभागीय अधिकारी कर्मचारी हितग्राही उपस्थित थे।

# अतिरिक्त ड्यूटी लगाने पर मिले भत्ता और नाईट अलॉउंस

**पनागर, यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि मध्यप्रदेश विधुत मण्डल के 1974 से अस्तित्व में आने के बाद से लगभग 48 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी विधुत कर्मियों को जब विशेष उत्सवों जैसे धनतेरस, दीपावली, मुहर्रम,क्रिसमस, नानक देव प्रकाश पर्व इत्यादि पर अवकाश प्रदान नहीं किया जाता उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अत्यंत व्यस्त ड्यूटी में लगाया जाता हैं।

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि या तो कंपनी अधिकारीयों को अवकाश में ड्यूटी नहीं लगाना चाहिए अथवा अगर यदि अतिआवश्यक होने पर अवकाश के दिन ड्यूटी लगाना इतना ही आवश्यक हैं तो अतिरिक्त भत्ता एवं नाईट अनाउंस दिया जाना चाहिए। ये विधुत कर्मी अपनी जान जौखिम में डालकर रात दिन विभिन्न आयोजनों की तैयारी में व्यस्त रहते हैं घर तक नहीं जा पाते ऐसी परिस्थितियों में इनका उचित सम्मान नहीं करना इनके लिए हतोत्साहित करने जैसा है।मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर,आकाश भील,पंकज हल्दकार,जी आर झारिया,चंदा सोनी, पुष्पा रघुवंशी,चंद्रभान सिंह, माया सोयाम, राजेश साहू, अरुण दुबे, डालचंद पासी, गिरीश मौर्य, मनोज बागरी,विष्णु झारिया, अशोक बर्मन, प्रमोद कुलस्ते, सुरेंद्र कर्ते, रामकुमार बागरी, बैजनाथ विश्वकर्मा, यू एस बागरी, बैजनाथ यादव,ब्रजेश रजक, रामसिंह मरकाम, पुहूप धुर्वे, संगीता बिसेन,कमलेश दुबे, राशिद अली,भास्कर गुप्ता,धर्मेंद्र परिहार,राकेश मून, ऋषि पाठक,दुर्गेश खातरकर,विश्वनाथ सिंह,समर सिंह,अजय श्रीपाल, सुरेन्द्र परसते, अनिल जैन,आसाराम झारिय,,गंगाराम साहू, भोगीराम चौकसे,नितिन तिवारी,अजब सिंह,अशोक उपाध्याय,समर सिंह,नारायण दास, बलराम मरावी, भेजम सिंह,इंदु पाण्डेय, कलावती महूए, प्रमोद दुबे,ब्रजवती आर्मो,अम्बिका हँतिमारे, सुमिता इंगले, मनोज साहू, शायदा खान, मनोज कोल, प्रेमवती सोयाम, देवी सिंह भवेदी, राजकुमार नेमा, नारायण दास, बलराम मरावी,रामवती उरेती, अंगद गुप्ता,सुबल सिंह, मनोज कुमार, अरुण दुबे, दीपक कुमार,शिव साहू,वीरेंद्र सिंह, केशव प्रसाद प्रीति पटेल चम्मू सिंह, संध्या चौरे, पवन नामदेव, रश्मि सोनी, संजय चौबे,वंदना गिरदोनिया, परवेज खान, माया कर्ते, दौलत सिंह, रेवाराम प्रजापति, रुपकुमार पटेल, नरेश कुशवाहा, सपना रजक, नरेन्द महले, शिव पटेल,नरेन्द महाले, मीणा परते, अतुल झारिया, रंजना सूर्यवंशी, पवन शुक्ला, जैस्मिन, अंजलि,विशाल सिंह, अजब सिंह, इमरत सेन, रवि विश्वकर्मा, अंशुल खरे, आबिद खान, कुमोलिनी कीर्तन, ममता पटेल, संध्या श्रीवास्तव, आशीष विश्वकर्मा, संतोष सिंह, बहादुर पटेल,अजय लोधी,रेनू बुनकर, अर्चना भट्ट,गीता कोल, राजेश्वरी दुबे,आदेश विश्वकर्मा,चंद्रभान साहू,विशाल सिंह,अनुपमा तिवारी, रजनी गुप्ता,ममता मिश्रा,आरती ठाकुर, जागृति मालवीय, रौशनी महोबिया, दीपशिखा श्रीवास,नीतू श्रीवास,अंजलि,नीतू जैन, प्रभा यादव, सुषमा श्रीवास्तव,चंद्रकली, सरिता सहाय, दुर्गा पटेल, सावित्री कश्यप, कामिनी पुणेकर, माधुरी शर्मा,अनीता उइके, करिश्मा राजदान, सविता समुंद्रे, कीर्ति आर्मो, शिखा सोनेवाल, अरुणा अग्रवाल,रामकली पुरते, सरोज कोल,भारती बसेड़िया,कमलेश दुबे,डेलन सिंह, आदि ने उपरोक्त विषय पर गंभीरता बरतने को कहा तथा शीघ्र अतिशीघ्र इन विधुत कर्मचारी एवं इनके परिजनों के विषय में गंभीरता से चिंतन मनन करने को कहा है।

# नीदरलैंड-अर्जेंटीना मैच में जमकर बवाल आपस में भिड़ गए दोनों टीमों के खिलाड़ी

फीफा वर्ल्ड कप 2022 लियोन मेसी की टीम अर्जेंटीना का शानदार प्रदर्शन जारी है. शुक्रवार (9 दिसंबर) की देर रात खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से पराजित किया. इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है. अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का सामना क्रोएशिया से होगा. कोएशिया ने ब्राजील को हराकर फाइनल में जगह बनाई है.



### परेडेस ने शुरू की झगड़े की शुरुआत

नीदलैंड-अर्जेंटीना मैच के दौरान जमकर बवाल भी हुआ और दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए. यह पूरा वाकया खेल के 88वें मिनट में हुआ, तब अर्जेंटीना की टीम 2-1 से आगे थी. अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो परेडेस ने नाथन एके को टैकल (जमीन पर गिराना) कर दिया जिसके चलते मैच रेफरी ने फाउल के लिए सीटी बजा दी. परेडेस इससे आगबबूला हो गए और उन्होंने गेंद को नीदरलैंड के डगआउट में दे मारा.

### ...फिर डच खिलाड़ी ने दिया धक्का

नीदरलैंड के खिलाड़ी भी प्रतिक्रिया देने में कहां पीछे रहते और वे परेडेस का सामना करने के लिए तुरंत मैदान पर पहुंच गए. डिफेंडर वर्जिल वैन डिज्क दौड़ते हुए आए और उन्होंने परेडेस को धक्का मारा. वहीं बाकी डच खिलाड़ियों ने भी अपना गुस्सा जाहिर करने की खूब कोशिश की. मैच रेफरी ने किसी तरह दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अलग किया. परेडेस और Berghuis को रेफरी ने पीला कार्ड भी दिखाया जिसके बाद खेल आगे जारी रह पाया. मुकाबले का पहला गोल अर्जेंटीना के नाहुएल मोलिना ने किया, जिसमें असिस्ट लियोनेल मेसी का था. इस एक गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बनाई थी. दूसरे हाफ में भी खेल काफी रोमांचक रहा. डेनजेल डम्फ्रीज ने मार्कोस एक्यूना को बॉक्स के अंदर फाउल किया जिसके चलते अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली. पेनल्टी पर लियोनेमेसी कहां चूकने वाले थे और उन्होंने अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया. इसके बाद नीदरलैंड की वापसी की बारी थी. खेल के 83वें मिनट में सर्जियो बर्गहाउस के पास पर बाउट बेघोर्स्ट ने हेडर से गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया. फिर इंजरी टाइम के लगभग आखिरी मिनट में नीदरलैंड ने दूसरा गोल दागकर मैच 2-2 से बराबर किया. यह गोल भी बेघोर्स्ट ने ही किया. निर्धारित समय में 2-2 से मुकाबला बराबर रहने के बाद मैट एक्स्ट्रा टाइम में गया जहां कोई गोल नहीं हुआ. इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा।

# 3 कमियां जो राहुल द्रविड़ को बनाती हैं बेकार कोच, सुधारनी ही होंगी ये गलतियां



**नई दिल्ली, ईएमएस।** जब पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद हेड कोच राहुल द्रविड़ ने टी-20 वर्ल्ड कप के बाद रवि शास्त्री की जगह ली थी तो उनसे काफी उम्मीदें थीं। शुरुआती दिन जरूर थोड़े आसान रहे। न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका को घरेलू सीरीज में हार मिली। मगर फिर डगर कठिन होती चली गई। इंग्लैंड के खिलाफ रिशेड्यूल किया गया फाइनल टेस्ट। एशिया कप 2022, टी-20 वर्ल्ड कप में हार के बाद बांग्लादेश दौरे पर भी मुंह की खानी पड़ी। टीम इंडिया के लचर प्रदर्शन को लेकर कप्तान रोहित शर्मा के अलावा कोच द्रविड़ की भी काफी आलोचना हो रही है। भारतीय क्रिकेट में क्या गलत हो रहा है इस बहस के बीच, हम टीम के हेड कोच के रूप में द्रविड़ की इन असफलताओं के पीछे तीन कारणों का विश्लेषण करते हैं। इसी कारण के चलते बीते कुछ साल में भारतीय टीम संघर्ष करते नजर आती है। बतौर कोच द्रविड़ अपनी कोर टीम तलाशने में ही असफल नजर आए। मानो वो जानते ही नहीं कि उनके मेन 11 खिलाड़ी कौन हैं, जो बड़े मैच में खेलेंगे। एक मैच में किसी को मौका देना तो अगले मुकाबले में उसे बाहर कर नए खिलाड़ी आजमाना, द्रविड़ को इस बुरी आदत से बचना होगा। खिलाड़ियों के एक कोर ग्रुप को एक साथ मैनेज न कर पाना ही उनकी असफलता का बड़ा कारण है। आराम, वापसी, आराम, वापसी ! बीते 6 महीने में भारतीय क्रिकेट टीम की यही कहानी रही है। यहां तक कि कई बड़े नाम हर दूसरी सीरीज में आराम कर रहे हैं। टी-20 वर्ल्ड कप के पहले से जारी ये जादू अब भी बदस्तूर जारी है। रोहित-विराट-राहुल को न्यूजीलैंड टूर पर आराम दे दिया गया। खुद कोच द्रविड़ भी छुट्टी मना रहे थे। वीवीएस लक्ष्मण ने उनकी जगह जिम्मेदारी संभाली। भारत की बी टीम न्यूजीलैंड से हार गई। बांग्लादेश दौरे पर सारे दिग्गज गए तो जरूर, लेकिन यहां भी मुंह की खानी पड़ी। रोहित-द्रविड़ कार्यकाल में भारतीय क्रिकेट बिना किसी स्पष्ट रोडमैप के आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ महीनों में भारत को डेब्यू कराने वाले खिलाड़ियों की संख्या पर नजर रखना मुश्किल हो गया है। भारतीय क्रिकेट अभी बिना रिंगमास्टर के एक बड़े सर्कस की तरह लगता है। टीम इंडिया के प्रमुख खिलाड़ी चोट और फिटनेस के चलते बड़े टूर्नामेंट से बाहर हो रहे हैं। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने एशिया कप के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी पीठ की चोट के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर रहे थे और अभी भी बाहर ही हैं। मोहम्मद शमी कोविड-19 से उबरने के बाद विश्व कप में खेले, लेकिन फिर से कंधे में जकड़न की समस्या से जूझ रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेले और अब टेस्ट खेलना भी संदिग्ध है। इतना ही नहीं रोहित के साथ-साथ तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और दीपक चाहर फिर फिटनेस से जूझ रहे हैं। द्रविड़ और रोहित को एनसीए के कोचों के साथ बैठना होगा और पता लगाना होगा कि इतने सारे खिलाड़ी चोटिल क्यों हो रहे हैं?

# कौन है यह हॉट मॉडल, जिसके प्यार में पहले पड़े नेमार, फिर उनके दोस्त के बच्चे की बनी मां



**कतर, एजेंसी।** स्टार ब्राजीलियन मॉडल कैरोलिन लीमा एक बार फिर चर्चाओं में हैं। 26 साल की कैरोलिन को इंस्टाग्राम पर 39 लाख लोग फॉलो करते हैं। एक वक्त वह ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार को डेट करती थी। दोनों रिलेशनशिप में थे, लेकिन नेमार से ब्रेकअप के बाद उनके साथी खिलाड़ी एडर मिलिटाओ के बच्चे की मां बनी। अब कैरोलिन ने जो फोटोज इंटरनेट पर शेयर की हैं, वो आग लगा रही हैं। ब्राजील और रियल मैड्रिड के स्टार फुटबॉलर एडर मिलिटाओ से अलग होने के बाद कैरोलिन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीर पोस्ट की है। बेहद हॉट आउटफिट के साथ नाइट आउट आउट के दौरान तीन अलग-अलग पुरुषों को किस करते हुए भी उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रहीं हैं। कैरोलिन स्न्डुह्ल्श्वद्धडु स्न्डु त्नद्मडु4 नाम के एक प्रोग्राम में थी, जहां इन्फ्लुएंसर और कॉमेडियन गेसिका कायने का जन्मदिन सेलिब्रेट हो रहा था। यहीं वह तीन आदमियों को किस करती नजर आई। भले ही नेमार से उनका ब्रेकअप हो गया हो, लेकिन साउथ कोरिया के खिलाफ मैच में वह ब्राजील को चीयर करने पहुंची थी। मुकाबले में ब्राजील ने 4-1 से जीत हासिल की थी। फीफा रैंकिंग्स में नंबर 1 टीम ब्राजील का सामना क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया से होगा, जो 12वें पायदान पर है। मैच से पहले ब्राजील के फॉरवर्ड और कैरोलिन के एक्स बॉयफ्रेंड नेमार ने कहा, च्हम खिताब का सपना जरूर देख रहे हैं, लेकिन इसके लिए हमें एक-एक कदम आगे बढ़ना होगा। चार मैच हो चुके हैं और अभी तीन बाकी हैं, लेकिन हम तैयार हैं। हमारा फोकस खिताब जीतने पर बना हुआ है।

# टीना दत्ता पर लगाया टोफू चुराने का आरोप

**मुंबई, एजेंसी।** मशहूर शो बिग बॉस 16 के हाल के एपिसोड में सौंदर्या शर्मा और टीना दत्ता के बीच लड़ाई देखने को मिलेगी। सौंदर्या और टीना के बीच बहुत बड़ा झगड़ा हुआ जिसमें सौंदर्या ने टीना पर टोफू चोरी करने का आरोप लगा दिया। टीना पूरी तरह से टूट गई और एक भावनात्मक उथल-पुथल से गुजरी और पूछा कि वह किसी से भोजन जैसी कोई चीज क्यों लेगी। हालांकि टीना के लिए सुबह की शुरूआत शालिन भनोट के साथ चर्चा से हुई कि वे अपने रिश्ते में कहां खड़े हैं। दोनों के बीच लगातार उतार-चढ़ाव आए और कई बार बहस भी हुई। चल रही बातचीत में शालिन ने टीना से कहा कि वह उसकी चिंता न करे और वह वहीं जाता है जहां उसे लगता है कि उसकी जरूरत है। शालिन ने आगे कहा कि टीना जो भी कर रही हैं वह सही है और वह गलत हैं। बता दें कि बिग बॉस के घर में झगड़े एक आम बात है तो ऐसे में हर दिन किसी ना किसी बात पर विवाद देखने को मिल ही जाता है।

# रोनाल्डो का देश डूब रहा है, पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में भयानक बाढ़ आई है



**लिस्बन, एजेंसी।** कतर में फीफा वर्ल्ड कप जारी है। अब टूर्नामेंट में सिर्फ 8 टीम ही बची है। पुर्तगाल को क्वार्टर फाइनल में मोरक्को से भिड़ना है। दुनिया भर की निगाहें क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर टिकीं होंगी। मगर रोनाल्डो को अपने देश-अपने शहर की टेंशन होगी। पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन डूब रही है। स्थानीय अधिकारियों की माने तो बाढ़ से हालात बदतर हैं। शहर को हाई अलर्ट पर रखा गया है। बारिश से एक आदमी की मौत हो गई। कई कार-गाड़ियां बह गई। बिल्डिंग्स ढह गई। लोगों से अपील की गई है कि घर पर ही रहें। सोशल मीडिया पर बाढ़ की त्रासदी देखी जा सकती है। पुर्तगाली मौसम एजेंसी आईपीएमए ने लिस्बन के साथ-साथ पड़ोसी जिले सांतारेम और दक्षिणी अल्गार्वे क्षेत्र को रेड अलर्ट पर रखा है। लिस्बन में, नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने बाढ़ वाली सड़कों, ट्रेन स्टेशनों, थिएटर और यहां तक कि एक अस्पताल में सैकड़ों घटनाओं की सूचना दी है। अधिकारियों को सड़कों और सुरंगों को बंद करना पड़ा है। फीफा विश्वकप में पुर्तगाल की टीम की अगुवाई क्रिस्टियानो रोनाल्डो कर रहे हैं। वह विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड में से एक हैं। इस विश्वकप में चार मैच खेल चुके हैं। 37 साल के रोनाल्डो ने घाना के खिलाफ पेनल्टी पर गोल किया था। वे पांच विश्वकप में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर हो गए। क्वार्टर फाइनल मैच में पुर्तगाल को कप्तान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इस वर्ल्ड कप के चार मैच में रोनाल्डो ने एक गोल दागा है।

# पहली वेडिंग एनिवर्सरी पर प्यार में डूबे विक्की और कटरीना, पतिदेव की बाहों में इस कदर लिपटीं कैट

**मुंबई, ईएमएस।** एक साल हो गया है ! क्या आप इस पर विश्वास कर सकते हैं कि कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी को पूरे एक साल हो गए हैं? इस बार भी, पिछले साल से ही उनके फैंस कटरीना कैफ और विक्की कौशल को उनकी शादी से कुछ और तस्वीरों को देखने का इंतजार कर रहे थे। हालांकि आज दोनों अपनी पहली वेडिंग एनिवर्सरी मना रहे हैं और दोनों ने ही एक-दूसरे को खास अंदाज में विश किया है। देखा जाए तो दोनों पहले से ही अपनी शादी की पहली सालगिरह मना रहे हैं। 9 दिसंबर को कटरीना और विक्की ने अपनी शादी की अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं और हम सभी को मदहोश कर दिया। कटरीना कैफ और विक्की कौशल 9 दिसंबर को अपनी पहली शादी की सालगिरह मना रहे हैं। दोनों ने अपनी राजस्थान शादी से अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं और हम सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी शादी की एक तस्वीर और दो और यादगार पलों को शेयर करते हुए कटरीना ने लिखा, माई रे ऑफ़ लाइट हैप्पी वन ईयर।

### ताउम्र प्यार का वादा

विक्की ने कुछ रोमांटिक फोटोज को शेयर करते हुए लिखा, च्समय उड़ता है... लेकिन यह आपके साथ सबसे जादुई तरीके से उड़ता है मेरे प्यार। शादी के एक साल पूरे होने की शुभकामनाएं। मैं आपको उससे कहीं अधिक प्यार करता हूं जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं !



**एनिवर्सरी मनाने साथ में हैं विक्की-कटरीना**

कटरीना कैफ और विक्की कौशल 9 दिसंबर को अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उसी से पहले, कपल अपने खास दिन को एक साथ मनाने के लिए एक हिल स्टेशन के लिए रवाना हो गए हैं। कटरीना ने इंस्टाग्राम पर फ्लोरल स्वेटर पहने हुए अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिन्हें उन्होंने डेनिम के साथ पेयर किया था। उसी को पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि तस्वीरें विक्की ने क्लिक की थीं। उनके कैप्शन में लिखा है, च्पहाड़ों में (कैमरा इमोजी)ञ्ज पति (एसआईसी)।

# करंट लगा रे साथ दिखे रणवीर और दीपिका

**मुंबई, एजेंसी।** बी-टाउन के सबसे प्यारे लव बर्डस रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने गुरुवार को रोहित शेट्टी की सर्कस के गाने करंट लगा रे के लॉन्च के मौके पर मंच पर किया धमाल। गाने में तमिल किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने इवेंट शुरू होते ही अपने पति रणवीर के गाल पर एक किस किया। अपने हिस्से के लिए रणवीर एक बार फिर अपनी महिला के प्रेम पर फिदा हो गए और उन्होंने इसकी पुष्टि की जब उन्होंने कहा गाने की अवधि के दौरान मैं हमेशा उन्हें देखता रहता हूं और मैं वास्तविक जीवन के लिए भी ऐसा कह सकता हूं।कई हुक स्टेप्स से भरपूर इस गाने में रणवीर ने 10 दिनों तक अभ्यास किया था। उन्होंने कहा मैं उन पर फिदा हूं। वह न केवल मनोरंजन की रानी है बल्कि मेरे जीवन की रानी भी है। मुझे लगा लोग इनको (दीपिका) ही देखेंगे तो मैं अपनी तरफ से थोड़ी ज्यादा प्रैक्टिस कर लेता हूं ताकि उनसे मैच कर सकूं।


# 65वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राइफल शूटर गौतमी ने बनाया राष्ट्रीय कीर्तिमान



Ramayani Baghel | Gautami Bhanot | Satyarth Patel

**जबलपुर, यशभारत।** वट्टियूरक्कावु शूटिंग रेंज,तिरुवनंतपुरम, केरल में चल रही 65वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में महिला वर्ग के राइफल इवेंट में जबलपुर की राइफल शूटर गौतमी भनोत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गौतमी ने एकल वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल यूथ वीमेन केटेगरी के क्वालिफिकेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 632. 5 का स्कोर अर्जित कर इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक स्कोर हासिल किए,यूथ वर्ग में स्वयं का कीर्तिमान तोड़ा एवं जूनियर सिविलियन वर्ग में नया राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाया । विदित हो की इस स्कोर के साथ गौतमी के स्कोर और विश्व कीर्तिमान स्कोर में मात्र 0.9 अंक का अंतर रह गया। जबलपुर शहर से गौतमी यूथ केटेगरी से पहली महिला राइफल शूटर है जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता 6 पदक एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित कर संस्कारधानी एवं मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है। फाइनल राउंड में भी गौतमी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा एवं 10 मीटर एयर राइफल सीनियर वीमेन के एकल वर्ग में रजत, जूनियर वर्ग में रजत ,यूथ वर्ग में कांस्य एवं जूनियर सिविलियन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। साथ ही गौतमी ने यूथ टीम इवेंट में जबलपुर की राइफल शूटर रामयानी बघेल के साथ कांस्य पदक तथा मिक्स्ड टीम इवेंट में जबलपुर के राइफल शूटर सत्यार्थ पटेल के साथ कांस्य पदक जीता। इस तरह गौतमी के पदकों के साथ गन ?ॉर ग्लोरी के राइफल शूटर्स ने इस प्रतियोगिता में कुल 20 पदक जीते हैं ।समस्त शूटर्स गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय कोच श्री निशांत नथवानी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

# कलाकार की कोई सीमा नहीं होती... रणबीर कपूर ने पाकिस्तानी हस्तियों संग काम करने की जताई इच्छा



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर हाल ही में च्रेड सी फिल्म फेस्टिवलज में शामिल हुए। ये इवेंट सऊदी अरब के जेद्दाह में 1 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। बातचीत के दौरान रणबीर ने पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की ब्लॉकबस्टर मूवी च्द लेजेंड ऑफ मौला जट्टज की सक्सेस के लिए पूरी टीम को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी हस्तियों के साथ काम करने की इच्छा का खुलासा भी किया। रणबीर कपूर ने फिल्म फेस्टिवल में कहा, च्कलाकार की कोई सीमा नहीं होती है ।ज उन्होंने फवाद खान की फिल्म च्द लेजेंड ऑफ मौला जट्टज की जबरदस्त सफलता के लिए पाकिस्तानी इंडस्ट्री को बधाई दी। साथ ही पाकिस्तानी हस्तियों संग काम करने की इच्छा भी जताई। फवाद खान की फिल्म च्द लेजेंड ऑफ मौला जट्टज ने पूरी दुनिया में वाहवाही लूटी है। इस फिल्म ने पाकिस्तानी बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिए। वर्ल्डवाइड भी जमकर कमाई की। इंडिया में भी सिनेमा लवर्स इस फिल्म को देखना चाहते हैं। इसलिए रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि ये फिल्म जल्द ही भारत में भी रिलीज होगी। इसकी टक्कर रणवीर सिंह की च्सर्कसज के साथ हो सकती है।

### बिटिया राहा के नाम पर बोले एक्टर

रणबीर कपूर हाल ही में बेटी के पिता बने हैं। आलिया ने 6 नवंबर को बेटी को जन्म दिया था। दोनों अपनी लाडली का नाम राहा (ऋड्डद्धड्ड) रखा है। ये नाम रणबीर की मां नीतू कपूर ने रखा है। इस इवेंट में रणबीर ने ये भी बताया कि उनकी बेटी का नाम कैसे पुकारते हैं। उन्होंने कहा कि ये राहा है। बता दें कि बहुत लोग कंफ्यूज थे कि ये राह है या फिर राहा !

### इन फिल्मों में नजर आएंगे रणबीर कपूर

रणबीर कपूर को अयान मुखर्जी की मूवी च्ब्रह्मास्त्रज्में देखा गया था। इसमें उनकी वाइफ आलिया भट्ट भी थीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की थी। इसके पार्ट 2 और पार्ट 3 भी रिलीज होंगे। अब रणबीर को रश्मिका मंदाना के साथ च्एनिमलज्में देखा जाएगा। उनके पास लव रंजन की एक मूवी है, जिसमें श्रद्धा कपूर हैं।

# स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं अकादमी का भव्य आगाज

## अर्जुन अवॉर्डी एवं पद्म श्री, पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्ले ने उद्घाटन कर कहा, यह पहल मील का पत्थर साबित होगी




दीप प्रज्वलन से शुभारंभ



स्पोर्ट्स का पले स का शुभारंभ करते अतिथि

**जबलपुर, यशभारत।** अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी का शुभारंभ मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉर्डी एवं पद्मश्री सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्ले ने किया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन की खेलों के विकास के लिए की गई यह पहल मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, विधायक अशोक रोहाणी एवं सुशील तिवारी इन्दु, यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, राजुल करसोलिया, उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलन करके किया गया।

**वाकई यह प्रदेश के लिए गौरव की बात:तन्खा –** विशिष्ट अतिथि की आसंदी से राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्ख़ा ने कहा कि वाकई यह हमारे प्रदेश के लिए गौरव की बात है, कि इस खेल प्रशाल के माध्यम से हमारे प्रदेश में न सिर्फ छात्र-छात्राओं बल्कि क्षेत्रवासियों को भी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल सुविधा का लाभ मिलेगा।

**यह शहरवासियों के लिए अद्भुत तोहफा–** विधायक द्वय अशोक रोहाणी एवं श्री सुशील तिवारी इंदु महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने भी इस अत्याधुनिक खेल प्रशाल की सराहना करते हुए स्टेमफील्ड संस्था के संचालक पर्व जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि वाकई उन्होंने शहरवासियों के लिए अद्भुत तोहफा दिया है।

**18 प्रकार के खेलों की सुविधा –** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में 18 प्रकार के खेलों की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें शामिल हैं, 7 साइड फुटबॉल ग्राउंड, सिंथेटिक ग्रास एवं शॉक पैड्स से युक्त 200 मीटर रनिंग ट्रेक, सिंथेटिक क्रिकेट पिच, लॉन टेनिस, लॉन्ग जंप, ट्रेक एंड फील्ड इवेंट, तीरंदाजी, मार्शल आर्ट, सेमी ओलंपिक साइज का इनडोर स्विमिंग पूल, गन फॉर ग्लोरी के सौजन्य से 10 मीटर शूटिंग रेंज।

फोटो –बबलू रजक

### आपने अवसर को अविस्मरणीय बना दिया-पर्व जायसवाल

स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के संचालक, पर्व जयसवाल ने मुख्य अतिथि धनराज पिल्ले का धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस गौरवपूर्ण क्षण में अपनी भागीदारी देकर उनके इस विश्वास को पुख्ता कर दिया है कि आने वाले समय में जबलपुर से निश्चित तौर पर उनके जैसे ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्राप्त होंगे और उनकी अकादमी हमेशा इसके लिए प्रयासरत रहेगी उन्होंने उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने ऐतिहासिक क्षण में उपस्थित होकर इस अवसर को अविस्मरणीय बना दिया।

### आकर्षक स्वागतगान, हूला हूप डांस बैंड परेड की शानदार प्रस्तुति

इसके पश्चात स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर शाखा की छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागतगान, एथलेटिक्स, हूला हूप डांस एवं स्कूल बैंड परेड की शानदार प्रस्तुति दी गई।

### बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

इस अवसर पर धनराज पिल्ले द्वारा स्टेमफील्ड स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्डन बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया गया, जिसमें 6वर्ष से 12 वर्ष तक आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय फुटबॉल संघ, एवं मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के 360 बच्चे भाग लेंगे एवं इसके माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज की जाएगी।

### खिलाड़ियों को मनपसंद खेलों में बढ़ने का अवसर मिलेगा

श्री पिल्ले ने स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स एवं अकादमी की सराहना करते हुए कहा कि जबलपुर जैसे छोटे प्रदेश में इस प्रकार की अंतर्राष्ट्रीय सुविधा युक्त खेल प्रशाल का होना अत्यंत सराहनीय है, इससे प्रदेश में ही खिलाड़ियों को उनके मनपसंद खेलों में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा और देश को प्रतिभावान खिलाड़ी मिलेंगे।


समारोह के दौरान यशभारत के संस्थापक आशीष, श्रीराम ग्रुप राजुल करसोलिया

## सीएम शिवराज का डुमना एयरपोर्ट पर स्वागत



**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आज शनिवार की सुबह डुमना विमानतल पहुँचने पर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री सुबह लगभग 10.50 बजे भोपाल से विमान द्वारा डुमना पहुँचे थे। श्री चौहान का डुमना विमानतल पर स्वागत मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया, अखिलेश जैन एवं जी एस ठाकुर ने किया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं आई जी उमेश जोगा, डीआईजी परिहार, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, अपर कलेक्टर सुश्री विमलेश सिंह आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डुमना विमान तल पर कुछ देर रुकने के बाद करीब 10.55 बजे हेलीकॉप्टर से सीधी के लिये रवाना हो गए।

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इ सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डि स, पाइल्स, गाल लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफली की लड्या →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →केक टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिकी →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK's
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201







अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा
11 दिसंबर 2022 प्रारंभ
मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष श्री भारत सिंह यादव एवं राष्ट्रीय प्रदेश पदाधिकारियों की स्वागत रैली
प्रारंभ- मां बगलामुखी मंदिर से
समापन- गीताधाम मैदान ग्वारीघाट
भारत सिंह यादव
नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश
दिनेश यादव
शिव यादव
संजय यादव
बरगी विधायक
निवेदक : अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा
सौजन्य : दीपकशर्मा (टिम्मी), शिवराम पटेल

JYOTI
INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX cozi
AMUL MACHO
RUPA
JOCKEY
DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com



दसवी पुण्यतिथि
स्व. डॉ. के. एन. मिश्र
अपर संचालक, कृषि (सेवानिवृत)
जन्म 15 अगस्त 1938, ब्रह्मलीन 10 दिसंबर 2012
जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं श्वोचितुमर्हसि।।
श्रद्धावनत
डॉ. सुनील -अर्चना मिश्र, मीरा-अनिल शर्मा, मीना-नरेंद्र अवस्थी, अरविंद-संध्या मिश्र, कृतिका, नम्रता, आंशी, निकिता, इंजी. गुरुशरण-शुभी, इंजी. अर्पिता, रोहित, सत्यम, गुरुचरण
गुरुछाया, विकास नगर, कृषि उपज मंडी के पीछे जबलपुर मध्य प्रदेश
मोबाइल : 9425968000, 9111233000, 9770086244

दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान
हमसे पाये समाधान
27 साल के अनूभवी
अली शाह
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के
हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS
SHALBY MULTI-SPECIALITY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No 95758 01020
www.shalby.org

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
Life Care ICU
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर
07614038666, 7049079825
9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )